उज्जैन
गुरुवार
26
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-141
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



सेलिना जेटली ने बच्चों के 14वें बर्थडे...

# जल जीवन मिशन के तहत अब ग्राम पंचायतें करेंगी एकल नल-जल योजनाओं का संचालन और संधारण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले के ग्रामीण इलाकों में भी जल जीवन मिशन के तहत एकल नल-जल योजनाओं का संचालन और संधारण ग्राम पंचायतें करेंगी। इस नई नीति के तहत, पंचायतें नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली बिल भुगतान, पंपमैन/वाल्वमैन की नियुक्ति और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगी, जिसका उद्देश्य योजना को टिकाऊ बनाना है। इसके लिए सरकार ने मप्र पंचायत (ग्रामीण नल जल योजना संचालन-संधारण एवं प्रबंधन नीति)-2026 को मंजूरी दे दी है।

इसमें एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संबंध में प्रावधान किए गए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की डेडलाइन मार्च, 2024 रखी थी। चूंकि इस अवधि में अधिकतर



राज्यों में जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हो पाया। इस कारण केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में पुनर्गठित कर देश में मिशन की अवधि दिसंबर, 2028 तक बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के निर्देश पर दस महीने की लंबी कवायद के बाद प्रदेश में एकल नल जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण का मामला सुलझ गया है। गुजरात की तर्ज पर मप्र में भी जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एव संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की होगी। इसमें एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संबंध में प्रावधान किए गए हैं। नई नीति के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक समिति गठित की जाएगी, जो एकल नल-जल योजनाओं की पूरी जिम्मेदारी संभालेगी।

## योजनाओं की संख्या 28 हजार से ज्यादा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नई नीति को मंजूरी मिलने के बाद इसके क्रियान्वयन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल जीवन मिशन में दो तरह की योजनाओं (एकल और समूह नल-जल) पर काम चल रहा है। प्रदेश में एकल नल-जल योजनाओं की संख्या 28 हजार से ज्यादा है। एकल नल-जल योजनाओं का 97 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अप्रैल तक एकल नल-जल योजनाओं का काम पूरा कर लिया जाएगा। समूह नल-जल योजनाओं की कुल संख्या 147 है। समूह नल-जल योजनाओं का करीब 68 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। समूह नल-जल योजनाओं का काम पूरा करने की डेडलाइन मार्च, 2027 निर्धारित है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पिछले साल मई से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष अधिकारियों के बीच एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग चाहता था कि एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपी जाए, जबकि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एक अलग एजेंसी गठित कर उसे एकल नल-जल योजनाओं के मेंटेनेंस का काम सौंपने की बात कह रहा था। इसके बाद यह मामला मुख्य सचिव के पास पहुंचा। फिर दोनों विभागों के मंत्रियों के बीच इस मुद्दे पर चर्चा हुई, पर बात नहीं बनी। इसके बाद अगस्त, 2025 में यह मामला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास पहुंचा। उन्होंने मुख्य सचिव, दोनों विभागों के मंत्रियों और अफसरों के साथ बैठक कर इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

## ईरान ने भारत को होर्मुज से गुजरने की इजाजत दी

**मुंबई।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 27वां दिन है। ईरान ने भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान समेत



मित्र देशों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की इजाजत दे दी है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी मुंबई स्थित ईरानी कॉन्सुलेट के हवाले से दी है। कॉन्सुलेट ने बताया कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि 'मित्र देशों' को होर्मुज से गुजरने की छूट है। ईरान पहले भी कह चुका है कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद नहीं है। यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए बंद है जो ईरान के खिलाफ हैं। बाकी देशों को कुछ शर्तों के साथ गुजरने की अनुमति दी जा रही है।

## बहुमूल्य धातु- सोना पांच, चांदी 11 हजार रुपये चमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की तेजी आई। चांदी के दाम में 11,250 रुपये जबकि सोना में करीब पांच हजार रुपये की तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी के दाम 11,250 रुपये या 4.89 प्रतिशत बढ़कर 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। वहीं सोने की कीमत भी 4,900 रुपये या 3.38 प्रतिशत बढ़कर 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि निवेशकों को अमेरिका के साथ ईरान के संभावित संघर्षविराम की उम्मीद जगी है, जिसके कारण कच्चे तेल और डॉलर की कीमतों में गिरावट आई है।

## आंध्र प्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 14 जिंदा जले

**मरकापुरम।** आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट



ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 14 यात्री जिंदा जल गए। वहीं 23 घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 23 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 से ज्यादा यात्री सवार थे।

## तेल की कीमत में गिरावट से सेंसेक्स 1205 अंक चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में गिरावट और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.16 प्रतिशत टूटकर 97.79 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया जिसके बाद सेंसेक्स 1,205 अंक बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,781.31 अंक चढ़कर 75,849.76 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 394.05 अंक बढ़कर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद बढ़ने से शेयर बाजारों में तेजी बनी रही। अमेरिका और ईरान के बयान में विरोधाभास के बावजूद, दोनों देशों के बीच संभावित राजनयिक प्रगति के कारण कच्चे तेल की कीमत सौ डॉलर से नीचे आ गई.

### पाइपलाइन की सुविधा है तो कनेक्शन लेना अनिवार्य

## पीएनजी वाले इलाकों में गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका-इजराइल जंग के बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को नए आदेश जारी किए। इसके मुताबिक, पीएनजी वाले इलाकों में कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। सरकार ने ऐसे लोगों को एलपीजी की आपूर्ति बंद करने का फैसला किया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि यदि लोग कनेक्शन नहीं लेंगे तो तीन महीने बाद गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। हालांकि, जहां पाइप कनेक्शन देना तकनीकी रूप से संभव नहीं है, वहां एनओसी के आधार पर एलपीजी आपूर्ति जारी रहेगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार में देश में पेट्रोलियम पदार्थों की किसी तरह की किल्लत से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। सरकार का कहना है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में सभी तेल रिफाइनरी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं।

## राष्ट्रीय फास्टैग महंगा, क्षेत्रीय सस्ता होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार वार्षिक फास्टैग पास को दो श्रेणियों स्थानीय और राष्ट्रीय में बांटने की तैयारी कर रही है। स्थानीय श्रेणी का पास 20 प्रतिशत सस्ता, जबकि राष्ट्रीय पास लगभग 10 प्रतिशत महंगा होगा। वर्तमान में 3,075 रुपये के असीमित वार्षिक पास की व्यवस्था है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब एक देश एक पास की बजाय टियर सिस्टम लागू किया जा रहा है।

## अब्राहम लिंकन पोत पर हमला, ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत पर दागी मिसाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान/यरुशलम/

ईरान ने बुधवार को अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर मिसाइल हमले किए। तेहरान की ओर से क्रूज मिसाइल दागी गईं। चेतावनी दी कि सीमा के नजदीक आने पर निशाना जरूर बनाएंगे।

ईरानी नौसेना की कादर क्रूज मिसाइलों ने अमेरिका के विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया और उसे अपनी स्थिति बदलने पर मजबूर कर दिया। नौसेना प्रमुख शहरम ईरानी के हवाले से कहा गया है कि इस एयरक्राफ्ट कैरियर की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जैसे ही यह शत्रु बेड़ा हमारे मिसाइल सिस्टम की रेंज में आएगा, नौसेना की तरफ से उस पर जोरदार हमले किए जाएंगे।

ईरान ने बुधवार को इजरायल समेत कई खाड़ी देशों पर भी मिसाइल और ड्रोन से हमले किए।

## मध्यप्रदेश-राजस्थान में अगले 4 दिन बारिश का अलर्ट जारी

### पंजाब-हरियाणा में भी बारिश की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। टढ में मार्च महीने में तीसरी बार तेज गर्मी की बजाय बारिश होगी। मौसम विभाग ने अगले चार दिन आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर में ज्यादा असर रहेगा।

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से बुधवार दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर संभाग के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए। गुरुवार को भी चार जिलों में बारिश की चेतावनी है।

उधर पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी अगले दो दिन तेज बारिश की



संभावना है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश की संभावना है।

मध्य प्रदेश में मार्च महीने में तीसरी बार मौसम बदलेगा। तेज गर्मी की बजाय 3 दिन तक बारिश होगी। इस दौरान आंधी भी चलेगी। क्टऊ ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से 27, 28 और 29 मार्च को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।



## नर्सिंह घाट स्थित बालाजी गार्डन पर मिक्स कचरा पाए जाने पर 20 हजार का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 की गाइडलाइन के अनुसार शहर के होटल, बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पताल, गार्डन इत्यादि को अपने यहां से निकलने वाले कचरे का स्वयं के द्वारा निष्पादन किया जाना है इसी क्रम में जिनके द्वारा यह प्रक्रिया नहीं की जा रही है जिन पर निरंतर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है जिसके क्रम में बुधवार को नरसिंह घाट स्थित बालाजी गार्डन पर मिक्स कचरा पाया गया जिसके क्रम में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित पर 20 हजार का जुमार्ना लगाए जाने की कार्यवाही की गई।

## महर्षि गौतम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया




**उज्जैन।** महर्षि गौतम जयंती के पावन अवसर पर परमेश्वरी गार्डन में भव्य, रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थिति थे। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण के रूप में उज्जैन के प्रसिद्ध हिप्नोथेरेपिस्ट संजय व्यास द्वारा प्रस्तुत मेंटालिज्म एवं माइंड रीडिंग शो ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनका प्रदर्शन पूरे कार्यक्रम में चर्चा का मुख्य केंद्र रहा और उपस्थित जनसमूह ने इसे भरपूर सराहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह एवं प्रोत्साहन का वातावरण बना। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकारिणी सदस्यों की अथक मेहनत एवं समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान समाज की सक्रिय नेत्री माया राजेश त्रिवेदी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठित स्व. श्री बालकृष्ण उपाध्याय के सुपुत्र द्वारा प्रदान किया गया।

# माता को मदिरा का भोग- शहर की सुख समृद्धि के लिए नगरपूजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की खुशहाली के लिए आज नगरपूजा सम्पन्न हुई। नगरपूजा का श्रीगणेश गुदरी स्थित चौबीसखंभा माता मंदिर से हुआ। सुबह निर्धारित समय आठ बजे अखिल भारतीय अखाडा परिषद के महंत रवीन्द्रपुरीजी ने देवी महामाया और महालाया को पूजन सामग्री अर्पित कर आरती की फिर देवीजी को मदिरा की धार चढाई गई। इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए अलसुबह से ही चौबीस खंभा माता मंदिर मे श्रद्धालुओं का जमघट लगा हुआ था। मदिरा की धार अर्पित करने के दौरान ढोल नगाड़े व घंटे बजते रहे।








### शहर के सभी देवी मंदिर व भैरव मंदिरों मे पूजा

चौबीस खंभा माता की पूजन उपरांत माता का लाल ध्वज लिए नगर कोतवाल व उनके पीछे हांडी मे से रास्ते भर अनवरत चलती मदिरा की धार को देखने लोगो मे रोमांच रहा। रास्ते भर लोग इस अद्भुत नजारे को कैमरे मे कैद करते दिखे। पीछे पीछे नगर पूजन की विभिन्न सामग्री लिए कोटवार व भक्त चल रहे थे। नगर पूजा का समापन शाम पांच बजे हांडी फोड भैरव मंदिर मे होगा।



### चांदी के शंख से अर्पित हुई मदिरा

महंत रवीन्द्रपुरीजी ने चांदी जडित शंख द्वारा मां महामाया को पहले सुरापान कराया इसके बाद माता महालया को शराब का भोग लगाया गया। माता को श्रृंगार की सामग्री अर्पित की गई। इस अवसर पर विभिन्न अखाडे के साधु संत भी उपस्थित थे। मंदिर के पंडित ने बताया कि शहरवासियों की रक्षा नगर की देवी व द्वारपाल आदि करते हैं। शहर मे सुख शांति बनी रहे और रोग शोक दूर रहें इसी कामना से नगरपूजा का विधान है। पहले अश्विन मास को नवरात्रि की अष्टमी को शासन के द्वारा नगरपूजा होती रही विगत कुछ वर्ष से अखाडा परिषद के अध्यक्ष महंत रवीन्द्रपुरीजी ने चैत्र मास की अष्टमी पर भी नगरपूजा प्रारंभ की जो एक अच्छी पहल रही।

### 27 किलोमीटर लंबी यात्रा

नगरपूजा की ये परंपरागत यात्रा कुल 27किलोमीटर लंबी होती है। इसमे आगे ध्वज फिर मदीराधार और पीछे कोटवार सम्पूर्ण पूजन सामग्री व नेवैद्य लेकर चलते हैं। मार्ग मे पुष्प की वर्षा की जाती है। नगरपूजा मे महंत सुरेशानंद, श्यामगिरी, प्रणवानंद, सुमनानंदजी, शैलेशानंदजी आदि उपस्थित थे।

# दूसरे दिन भी दिन कतार, शाम होते-होते पंप से 3 से 5 मिनट में मिलने लगा ईंधन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




पेट्रोल-डीजल को लेकर मंगलवार-बुधवार को जो अफरा-तफरी मची, उसके पीछे एक कारण सोशल मीडिया पर फैली अफवाह थी तो दूसरा कारण कैन और टंकियों में डीजल लेने वाले लोग भी रहे।

इन दिनों गेहूं कटाई के साथ खेतों को समतल करने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में कृषि कार्य के लिए डीजल की खपत बढ़ गई है। लोग टंकियों व कैन लेकर डीजल लेने पहुंच रहे थे। इस कारण कुछ पंप खाली हो गए। इसके अलावा मंगलवार देर शाम ईंधन शार्टेज होने की बातें सोशल मीडिया पर चली तो पंपों पर भीड़ लग गई। बुधवार की सुबह भी पंपों पर वाहनों की कतारें थी। हालांकि देर शाम तक 3 से 5 मिनट में ईंधन मिलने लगा।

जिले में विभिन्न ऑइल कंपनियों से जुड़े करीब 266 पंप हैं। इनमें से करीब 30 शहर में हैं। सभी पंप से रोजाना औसतन 3 से 5 लाख लीटर तक पेट्रोल और 5 से 6 लाख लीटर तक डीजल की बिक्री होती है। मंगलवार शाम को अफवाह के बाद ये बिक्री लगभग दोगुना हो गई। खाद्य व प्रशासन के अधिकारी पूरे समय जिले के पंप संचालकों के अलावा ऑइल कंपनियों व डिपो के अधिकारियों से लगातार संपर्क में बने हुए हैं। जिले के पंपों से इंदौर, मांगलिया, पीथमपुर, रतलाम व भोपाल आदि से ईंधन आता है।

सेफी पेट्रोल पंप

पंपों पर डीजल खत्म हुआ और अफवाह ने जोर पकड़ लिया कि ईंधन नहीं मिल रहा है। खाद्य विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी संतोषकुमार सिमोलिया ने बताया कि अब जिन्हें भी बुधवार से डीजल खरीदना हैं, उन्हें वाहन लेकर पंप पर आना होगा। पेट्रोल तो पहले से बोतल में देने में पाबंदी है। पेट्रोल पंप एसोसिएशन के पदाधिकारी रवि लोहिया ने बताया कि पंप पर स्थिति सामान्य हो गई है। अब 3 से 5 मिनट में ही ग्राहकों को पेट्रोल-डीजल मिल रहा है।

ईंधन की कमी नहीं, पैनिक न हो ^ स्थिति सामान्य हो गई है। जो अफवाह फैली थी, उससे ग्राहकों ने सामान्य से दोगुना ईंधन खरीदा है। डिपो में डेढ़ माह का स्टॉक है और जिले के पंपों पर भी 26 लाख लीटर आपूर्ति बनी हुई है। ईंधन की कमी नहीं, इसलिए पैनिक न हो।

**शालू वर्मा, जिला आपूर्ति नियंत्रक**

## 4.52 करोड़ का पानी 7 दिन साफ नहीं रख सके, पंचक्रोशी का स्नान भी बाकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भूतड़ी अमावस्या के 18 मार्च के स्नान पर्व के लिए नर्मदा से शिप्रा में लिए 4.52 करोड़ के पानी को जिम्मेदार 7 दिन भी सुरक्षित नहीं रख पाए। जबकि दावे किए थे कि इसी पानी से 12 अप्रैल को पंचक्रोशी यात्रा के शुभारंभ का स्नान भी श्रद्धालुओं को करवा दिया जाएगा। हालात यह है कि शिप्रा में पानी काला और दूषित हो गया है। ऐसे में सवाल यह कि क्या जिम्मेदार पंचक्रोशी यात्रा के लिए नर्मदा का महंगा पानी फिर से लेंगे?

### पानी काला व बदबूदार होने के ये 3 प्रमुख कारण

**कान्ह नदी :** सबसे प्रमुख कारण शिप्रा में कान्ह का गंदा मिलना है। इंदौर से आ रहा सीवर व नाले का पानी कान्ह के जरिए शिप्रा में मिलता है। इसे रोकने के लिए बनाया मिट्टी का कच्चा बांध क्षतिग्रस्त है।

**निर्माण कार्य :** शिप्रा नदी किनारे विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। आसपास घाट निर्माण व बीच में पुल-पुलियाओं के काम हो रहे हैं। कामों के चलते मिट्टी व मटेरियल के मिलने से पानी गंदा हो रहा है।

**गंदे नाले :** शिप्रा के कैचमेंट एरिया से होते हुए कई स्थानों पर नाले नदी में मिल रहे हैं। इससे भी पानी काला हो रहा है। सिंहस्थ बायपास, रामघाट, भैरवगढ़ सहित आदि क्षेत्रों में नाले मिलते हैं।

# महाकाल के दरबार में बढ़ती भीड़.. संसद में उठी हाई-टेक सुरक्षा की मांग

### उमेश नाथ महाराज ने नेशनल सिक्योरिटी ग्रिड, एआई निगरानी और एनडीआरएफ की उठाई जरूरत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संसद में गंभीर चिंता जताई गई। राष्ट्रीय संत बाल योगी उमेश नाथ महाराज ने राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए इसे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और देश की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा विषय बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में प्रतिदिन 4.5 से 5 लाख लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, वर्ष 2028 के सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान यह संख्या 10झ15 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था भविष्य की जरूरतों के लिहाज से अपर्याप्त दिखाई देती है। महाराज ने सुरक्षा के बहुस्तरीय मॉडल की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर को नेशनल सिक्योरिटी ग्रिड से जोड़ा जाए और उक्त्र्र जैसी केंद्रीय एजेंसियों से नियमित सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। इससे सुरक्षा प्रोटोकॉल को राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप बनाया जा सकेगा। उन्होंने अक आधारित स्मार्ट क्राउड एनालिटिक्स, फेस रिकग्निशन और ड्रोन सर्विलांस जैसी व्यवस्थाओं को लागू करने की मांग की। इसके अलावा, आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए ठअऋका स्थायी केंद्र उज्जैन में स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

फिलहाल मंदिर की सुरक्षा निजी एजेंसियों, स्थानीय पुलिस पर निर्भर है। लेकिन तेजी से बढ़ती श्रद्धालु संख्या और वैश्विक स्तर पर बढ़ती पहचान को देखते हुए सुरक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण की आवश्यकता स्पष्ट हो रही है। संसद में उठी यह मांग सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को नई दिशा दे सकती है।

उज्जैन
गुरुवार
26
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।

**अर्थः** अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

# इंदौर अग्निकांड-हर्षित ने कबूला उसने लगाई थी चार्जिंग पर कार

## पुलिस ने लिए तीनों बेटे और दोस्तों के बयान, हर्षित ने रात 11 बजे लगाई थी चार्जिंग पर कार

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के ब्रजेश्वरी एनएक्स में कारोबारी मनोज पुगलिया के घर हुए भीषण अग्निकांड को लेकर पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। तिलक नगर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए बयानों में सामने आया है कि हादसे के वक्त इलेक्ट्रिक कार (ईवी) चार्जिंग पर लगी हुई थी।

इस मामले में पहले ईवी चार्जिंग से इनकार करने वाले परिवार के बयान अब बदल गए हैं, जिससे आग लगने की वजह को लेकर स्थिति साफ होती नजर आ रही है। पुलिस अब मृतक मनोज पुगलिया की पत्नी सहित करीब 20 अन्य लोगों के बयान दर्ज करेगी।



बुधवार को तिलक नगर थाना पुलिस ने मृतक मनोज पुगलिया के तीनों बेटों- सौरभ, सौमिल और हर्षित के साथ हर्षित के दोस्तों ऋषभ जादौन और शिवेंद्र के बयान दर्ज किए। करीब 4 घंटे चली पूछताछ में कई अहम तथ्य सामने आए।

टीआई मनीष लोधा के मुताबिक, सौरभ और हर्षित ने स्वीकार किया है कि कार चार्जिंग पर लगाई गई थी।


# आईएसबीटी संचालन के लिए आगे आईं दो कंपनियां, 4 बार जारी हो चुके टेंडर

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

करीब एक साल से संचालन के लिए कंपनी का इंतजार कर रहे अंतरर्राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी ) के लिए इस बार भी दो कंपनियों ने दावेदारी की है। बुधवार को आईडीए ने टेंडर की तकनीकी बिड ओपन करके कंपनियों के नाम लिस्ट किए है। अब इनके दस्तावेजों की जांच होगी, सही पाए और शर्तों के अनुरूप होने पर फाईनेंशियल टेंडर खोल कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस बार पुणे की सेवा प्रदाता कंपनी बीवीजी इंडिया और कामथीन सिक्युरिटी सर्विसेस ने टेंडर भरे हैं।

आईडीए ने बुधवार को तकनीकी बिड खोली है। जानकारी के अनुसार कंपनियों के दस्तावेजों का तकनीकी परीक्षण शुरू कर दिया है। जल्द ही फाईनेंशियल प्रस्ताव भी खोले जाएंगे। बताया जा रहा है, यदि कंपनियों के टेंडर शर्तों के अनुरूप होने पर अंतिम रूप दे कर आईएसबीटी का संचालन शुरू किया जा सकता है। आईडीए ऑफिसर्स के अनुसार, संचालन के लिए आईडीए के पास दो विकल्प थे। नगर निगम को दे या एजेंसी नियुक्त कर इसे शुरू करवाए।

बोर्ड ने अन्य राज्यों की तरह एजेंसी से संचालन करवाने का फैसला कर तलाश शुरू की। एक साल से अधिक समय हो गया, तीन बार टेंडर जारी किए, कंपनियों ने हिस्सेदारी भी की, लेकिन टेंडर शर्तों के अनुरूप नहीं होने से



खारिज किए गए। चौथी बार जारी किए गए टेंडर की प्री बिड में 4 से 5 कंपनियों ने भाग लिया था। इसमें से दो कंपनियों के टेंडर आए है। एक पुणे की सेवा प्रदाता कंपनी बीवीजी है, जिसके पास आईएसबीटी संचालन व अन्य सेवाओं का अनुभव है। दूसरी कंपनी भी सेवा सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़ी है। इस बस स्टैंड के संचालन के लिए परिवहन विभाग ने भी मंशा जाहिर की है, जिस पर आईडीए ने इसमें लगी राशि व जमीन के वेल्युएशन के आधार पर राशि देने की बात कही है।

एमआर-10 बने इस बस स्टैंड को मेट्रो के साथ इंटीग्रेट किया है। यहां से सीधे मेट्रो स्टेशन को कनेक्टिविटी दी गई है। बस व मेट्रो यात्री सीधे आवाजाही कर सकेंगे। एमआर-4 व आरडब्ल्यू -1 के हिस्से का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

### एयरपोर्ट की तरह बनाया, सिंहस्थ में काम आएगा

मास्टर प्लान में तय एमआर-10 पर बनाए गए शहर के सबसे बड़े बस स्टैंड का निर्माण आईडीए ने 100 करोड़ रुपए की लागत से किया है। यहां से 1450 बसों का संचालन आसानी से किया जा सकेगा। एक बार में 63 बसें आवाजाही करेंगी। दो पहिया व चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग भी दी गई है। बस ऑपरेटर के लिए ऑफिस और सुविधाओं के लिए दुकानें है। सिंहस्थ में यह महाराष्ट्र, साउथ राज्य, उप्र, बिहार, झारखंड, राजस्थान और गुजरात की ओर से आने वाले यात्री वाहनों के लिए उपयोगी रहेगा। शहर में बसों का दबाव कम होगा इससे पहले आईडीए ने आरटीओ के समीप नायता मुंडला में आईएसबीटी का निर्माण किया था। इसका संचालन एआईसीटीएसएल द्वारा किया जा रहा है।

# फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट तैयार कर: डेली कॉलेज की छवि धूमिल करने के आरोप में 4 पर केस

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था डेली कॉलेज की सोशल मीडिया पर छवि खराब करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया है। आरोपियों ने जुलाई 2025 से सुनियोजित साजिश करते हुए यह हरकत की थी। इसमें एक आरोपी संस्था के सदस्य भी हैं।

क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार डेली कॉलेज सोसायटी के अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत पर आरोपी संदीप पिता छोटेलाल पारेख निवासी सांघी कॉलोनी, अनुराग पिता कमलेश जैन निवासी स्कीम नंबर 74, रंजीत सिंह पिता सुरेंद्र सिंह नामली निवासी गुलमोहर प्राइड और मानवीर पिता वीरेंद्र सिंह बायस निवासी साकेत नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रतिनिधि ने शिकायत की थी कि इन लोगों ने जुलाई 2025 में संयुक्त रूप से ह्लश्ड्डीडाऊह्व नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट तैयार कर उसका संचालन शुरू किया था। शिकायत में कहा गया है कि इस अकाउंट का उद्देश्य शिकायतकर्ता, विद्यालय तथा उसके प्रबंधन समिति के सदस्यों की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और उन्हें नुकसान पहुंचाना था।

इस अकाउंट पर सोसाइटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के खिलाफ झूठी, असत्य, अपमानजन, दुर्भावना पूर्ण, और परेशानी करने वाली पोस्ट की जा रही थी। इतना ही नहीं संस्था से जुड़े लोगों को शैक्षणिक संस्थान के खिलाफ काम करने के लिए भी उत्प्रेरित किया जा रहा था। संस्थान की गरिमा के खिलाफ थी पोस्ट शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर एवं ह्लअहेड मीडियाह्व नामक फर्म की स्वामिनी अलीशा सैनी से जानकारी मिली थी। तब पता चला कि यह मानहानिकारक अकाउंट आरोपियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा था। अलीशा सैनी, पूर्व में संदीप पारेख के डिजिटल कार्य से जुड़ी थीं, को ऐसे पोस्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। ये पोस्ट डेली कॉलेज जैसी संस्था की गरिमा के खिलाफ थे।

### महिला प्रोफेसर से 50 लाख की ठगी


मैट्रिमोनियल साइट के जरिए शादी का झांसा देकर महिलाओं से करोड़ों रुपए ठगने वाले अंतरराज्यीय आरोपी अमित पिता नवीन चौबे निवासी शालिनी रोड देवास को अहमदाबाद पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अहमदाबाद की महिला प्रोफेसर से शादी के वादा कर 50 लाख रुपए ठगे थे। इसके अलावा उसने मप्र, मुंबई, गुजरात की भी 40 से अधिक महिलाओं को अपने जाल में फंसाया था।

## लंदन में स्थित लगभग 7 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की संपत्ति को किया अटैच

# बैंक धोखाधड़ी के मामले में ईडी इंदौर की बड़ी कार्रवाई

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

बैंक धोखाधड़ी को लेकर इंदौर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने लंदन में 7 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की संपत्ति को अटैच किया है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई। जांच में डमी फर्मों के जरिए कमाई को निवेश के नाम विदेश में भेजने की बात सामने आई थी। पाली लॉजिक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक उत्कर्ष त्रिवेदी और अन्य ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ 57.47 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी।



एक अन्य मामले में न्यू कॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार त्रिवेदी और अन्य ने एसबीआई बैंक के 249?.97 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी। दोनों ही मामलों में बैंक के साथ करीब 307.44 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला है। बैंक धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई में दर्ज दो केस के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। एऊकी जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने कंपनियों के एक पूरे नेटवर्क का इस्तेमाल किया, जिसमें कई डमी यानी फर्जी कंपनियां शामिल थीं। यह कंपनियां कर्मचारियों और करीबी लोगों के नाम पर बनाई गई थीं। इनके जरिए पैसे को इधर-उधर घुमाया गया, लेयरिंग की गई और असली सोर्स को छुपाने की कोशिश की गई। इस पूरे खेल का मकसद था अवैध कमाई को वैध दिखाना और बैंक से निकाले गए पैसों को गायब करना।

जांच में यह भी सामने आया कि इस घोटाले की रकम को विदेशों में निवेश के नाम पर भेजा गया। यानी भारत से पैसा निकालकर विदेशी ठिकानों पर लगाया गया ताकि जांच एजेंसियों से बचा जा सके। इसी कड़ी में लंदन की यह प्रॉपर्टी भी सामने आई, जिसे अब एऊ ने जब्त कर लिया है। इससे पहले, 26 फरवरी 2026 को एऊ ने आरोपियों के घरों पर छापेमारी की थी।

## खबर एक नजर...

### गोल्ड जिम विवाद में 2 आरोपी के खिलाफ चालान

**इंदौर।** विजय नगर स्थित एक जिम में श्रद्धांजलि संदेश को लेकर शुरू हुआ विवाद अब कानूनी मोड़ पर पहुंच गया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की है, जबकि जिम संचालक को जांच में क्लीन चिट दे दी गई। जबकि पीड़ित ने उसके खिलाफ ही नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। कोर्ट ने दो आरोपियों के खिलाफ जमानती वारंट भी जारी किए हैं। विजयनगर थाने में परदेशीपुरा निवासी एक व्यापारी ने 2 मई 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह पिछले दो साल से विजय नगर स्थित गोल्ड जिम का सदस्य है। 24 अप्रैल 2025 को उसने पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले से आहत होकर जिम के नंबर पर श्रद्धांजलि स्वरूप एक मैसेज भेजा था। शिकायत के अनुसार मैसेज भेजने के बाद जिम के मैनेजर नितिन छपरवार और रोहित शुक्ला ने उसे केबिन में बुलाया। यहां दोनों ने मैसेज भेजने को लेकर आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।अगले ही दिन 25 अप्रैल को उसकी जिम सदस्यता भी खत्म कर दी गई। व्यापारी ने जिम संचालक शांतनु ठाकुर पर भी फोन पर गाली देने के आरोप लगाए थे। हालांकि पुलिस जांच में दो गवाहों के बयान के आधार पर ये आरोप सही नहीं पाए गए, जिसके चलते संचालक को प्रकरण से अलग कर दिया गया।

### इंदौर में हेड कॉन्स्टेबल को बनाया कॉन्स्टेबल

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नरेट में अनुशासनहीनता और लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर ऑपरेशन क्लीन के तहत लगातार कार्रवाई जारी है। इस अभियान में जहां बाहरी व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है, वहीं विभाग के भीतर भी सख्ती बरती जा रही है। डीआरपी लाइन (तत्कालीन क्राइम ब्रांच) में पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक क्रमांक 2801 दीपक थापा पर विभागीय कार्रवाई की गई है। कदाचार के आरोपों की जांच के बाद डीसीपी इंदौर ने उनका कार्यवाहक प्रधान आरक्षक का प्रभार वापस ले लिया। कार्रवाई के तहत दीपक थापा को पदावनत करते हुए उनके मूल पद आरक्षक पर वापस भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कमिश्नरेट में अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले में जब एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया से बात की तो उन्होंने मामले में पुष्टि की है।

### इंदौर पुलिस ने लौटाए 251 गुम मोबाइल

**इंदौर।** इंदौर पुलिस ने छीनाझपटी, गुमशुदगी और मोबाइल चोरी के मामलों में पीड़ितों को राहत देने के लिए सिटीजन कॉप ऐप के जरिए विशेष पहल की है। इन शिकायतों के आधार पर क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए 251 गुम मोबाइल उनके असली मालिकों को वापस दिलाए।

## खबर एक नजर...

### ओमप्रकाश मोहने बने भाजपा अजा मोर्चा के इंदौर संभाग प्रभारी

**उज्जैन।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गुरु रविदास विश्वमहापीठ भारत के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का इंदौर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल की सहमति और मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य की अनुशंसा पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा की गई है। सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद मध्य प्रदेश के महासचिव रमेश चंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि नवीन दायित्व मिलने के पश्चात ओमप्रकाश मोहने ने मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार से उनके सांवेर स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मोहने का साफा बांधकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर और उज्जैन के राजा बाबा महाकाल के पावन दुपट्टे से आत्मीय स्वागत किया गया। मोहने ने इस जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों एवं समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा भी हुई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष परमार ने ओमप्रकाश मोहने को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। वहां उपस्थित जनों ने मोहने का अभिनंदन करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकताओं और इष्ट मित्रों ने संगठन को सशक्त बनाने एवं समाजसेवा के कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प लिया।

### फुले दंपति के नाम से घोषित राज्य पुरस्कार पुनः प्रारंभ करे सरकारः सांखला

**उज्जैन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने मांग की है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को दिए जाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले तथा सावित्रीबाई फुले पिछड़ा वर्ग राज्य सेवा पुरस्कार पुनः प्रारंभ किए जाएं।

### हिंदूवादी संगठनों ने सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

# सरकारी जमीन के क्रेता-विक्रेताओं पर एफआईआर और महिला थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग





### नगर निगम गैंग प्रभारी पर भी मारपीट का केस दर्ज करने की उठाई मांग, आईजी व जिला पंजीयक के नाम सीएसपी को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास और सर्व कल्याण बजरंग दल द्वारा बुधवार 25 मार्च को जिला प्रशासन को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों ने सरकारी भूमि के अवैध विक्रय, महिला थाना प्रभारी के फजीवाड़े और नगर निगम कर्मियों द्वारा हाथ ठेला व्यापारी से मारपीट के मामलों में कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। यह ज्ञापन जिला पंजीयक और आईजी महोदय के नाम सीएसपी दीपिका शिंदे को सौंपा गया।

**सरकारी जमीन बेचने वालों पर हो प्रकरण दर्ज**

ज्ञापन के प्रथम बिंदु में वीर दुगार्दास मार्ग पती बाजार जूना सोमवारिया स्थित सरकारी भूमि सर्वे क्रमांक 716, 1 के अवैध विक्रय का मुद्दा उठाया गया। ज्ञापन में बताया गया कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच में यह स्पष्ट हो चुका है कि सरकारी भूमि का विक्रय हुआ है। इस मामले में भूमि बेचने और खरीदने वाले असगर अली, बुरहानुद्दीन, हाकुमुद्दीन पिता हैदर अली, योगेश पिता ज्ञानचंद गोविंदानी, कविता पति योगेश गोविंदानी, इंसिया पति अली अजगर, विशाल कृष्णानी, कमलेश प्रजापति, भारत पिता ज्ञानचंद गोविंदानी, मनोज पिता ज्ञानचंद गोविंदानी, सलीम खान और जावेद खान के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग जिला पंजीयक से की गई है। दूसरे बिंदु में मंदसौर महिला थाना प्रभारी श्रीमती रानी बेग के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग को लेकर आईजी के नाम सीएसपी दीपिका शिंदे को ज्ञापन दिया गया। आरोप है कि रानी बेग ने वर्ष 2019 में देवास में कुंवारी बनकर दूसरी शादी की है। इस पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। तीसरे बिंदु में नगर निगम के गैंग प्रभारी मोनू थनवार व उनके साथियों के विरुद्ध हाथ ठेला व्यापारी विकलांग संजय सिंह चौहान, उनके परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट तथा छेड़छाड़ का मामला दर्ज करने की मांग की गई है। इस संबंध में भी आईजी के नाम सीएसपी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर तुरंत कार्रवाई का आग्रह किया गया है।

# कवियों का दायित्व बहुत बड़ा है- डॉ. शैलेन्द्रकुमार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कविता अंधेरे और प्रकाश के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती है। कवियों का दायित्व बहुत बड़ा है। कविता साझा अनुभवों में अपनी शक्ति पाती है।

ये विचार मध्यप्रदेश लेखक संघ, उज्जैन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित सरस काव्य गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक एवं समालोचक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने व्यक्त किए। आपने कहा कि कविता मानव अस्तित्व के हर पहलू को पकड़ती है। वह दैनन्दिन खुशियों और संघर्षों से लेकर जीवन के गहरे सत्य तक सभी को उद्घाटित करती है। सरस गोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने कहा कि साहित्यिक-सांस्कृतिक नगरी में आना और काव्य पाठ करना मन को सुकून देता है। आपने कविता पढ़ते हुए कहा कि- ₹कभी चाहा नहीं फिर भी यह आता है बताने में, बहुत सी जहमतें हैं आज अच्छापन निभाने में। मुझे स्कूल में नाटक से यह कहकर निकाला था, तुझे नाटक नहीं आता करेगा क्या जमाने में। अध्यक्षीय उद्बोधन प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने दिया। सारस्वत अतिथि डॉ. शिव चौरसिया, विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण जोशी और विशेष अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी थे। सरस्वती वंदना डॉ. अनामिका सोनी ने प्रस्तुत की तथा स्वागत भाषण डॉ. हरीशकुमार सिंह ने दिया। सरस गोष्ठी में कैलाश सोनी 'सार्थक', डॉ. उर्मि शर्मा, डॉ. पुष्पा चौरसिया, संगीता तल्लेरा, डॉ. राजेश रावल 'सुशील', डॉ. रमेश चांगेसिया 'प्रभात', सूरज नागर, डी.के. जैन, डॉ. हरीशकुमार सिंह, हरदीप दायले, नेत्रा रावणकर, श्रीकृष्ण गुप्ता, विनोद काबरा और मानसिंह शरद ने काव्य पाठ किया।

# महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए इनक्यूबेशन सेंटर ने लॉन्च किया 'अवंति'

### 70 से अधिक महिलाओं ने की सहभागिता, 15 से अधिक स्टार्टअप उत्पादों की लगी प्रदर्शनी, महिलाओं को मिलेगा समग्र व्यावसायिक सहयोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के उद्यमिता परिदृश्य को सशक्त बनाने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई गति देने के लिए 25 मार्च 2026 को उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा 'अवंति' महिला उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ का सफल शुभारंभ किया गया। यह पहल विशेष रूप से महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को गति देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। इस भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम उज्जैन की अध्यक्ष कलावती यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेषज्ञ मेंटर्स, विशिष्ट अतिथियों एवं महिला उद्यमियों ने भी सहभागिता की।

**स्टार्टअप उत्पादों ने किया आकर्षित**

आयोजन में 70 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें संभावित उद्यमी, स्टार्टअप संस्थापक एवं विभिन्न क्षेत्रों के हितधारक शामिल रहे। मुख्य आकर्षण 15 से अधिक महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप उत्पादों की प्रदर्शनी रही, जिसने उज्जैन में बढ़ती नवाचार एवं उद्यमिता की भावना को दशार्या।

### हर महिला के लिए अवसरों का मंच

'अवंति' को एक समावेशी मंच के रूप में विकसित किया गया है। इसके माध्यम से कोई भी महिला–चाहे वह गृहिणी हो, छात्रा, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, होम-बेस्ड व्यवसाय संचालक या एक उभरती उद्यमी–अपने विचारों को सफल और टिकाऊ व्यवसाय में परिवर्तित कर सकेगी।

### मिलेगी समग्र सहायता और तकनीकी सहयोग

इस पहल के तहत महिलाओं को व्यापक उद्यमिता सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसमें बिजनेस प्लानिंग, आइडिया वैलिडेशन, डिजिटल साक्षरता, मार्केटिंग, ग्राहक प्रबंधन, वित्तीय मार्गदर्शन, और कानूनी सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त एआई टूल्स का उपयोग, निःशुल्क लोगो डिजाइन, वेबसाइट विकास सहयोग, सोशल मीडिया प्रशिक्षण, एडब्ल्यूएस क्लाउड क्रेडिट्स एवं मार्केट लिंकेज सपोर्ट भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके व्यवसाय का समग्र विकास हो सके।

### पुजारी महासंघ ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, साधु-संतों पर पद, प्रतिष्ठा और ऐश्वर्य के लिए लड़ने का आरोप, आश्रमों के व्यवसायीकरण का उठाया मुद्दा

# देश में खत्म हो अखाड़ा और अखाड़ा परिषद, पुनर्स्थापित हो ऋषि परंपरा

### सनातन की रक्षा के लिए अब भारतीय सेना सक्षम, आद्य शंकराचार्य द्वारा स्थापित अखाड़ों का उद्देश्य हुआ पूरा

### पद और प्रतिष्ठा की लड़ाई से सनातन को नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर देश में अखाड़ा और अखाड़ा परिषद को समाप्त करने की मांग की है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि सनातन धर्म में अखाड़ों की नहीं, बल्कि ऋषि-मुनि परंपरा रही है। अखाड़ों की स्थापना का जो मूल उद्देश्य था, वह अब पूरा हो चुका है। धर्म और देश की रक्षा के लिए अब भारतीय सेना सक्षम है, इसलिए वर्तमान में अखाड़ों की कोई आवश्यकता नहीं है।

पत्र में बताया गया है कि आद्य शंकराचार्य द्वारा ढाई से तीन हजार वर्ष पूर्व सनातन धर्म की रक्षा के लिए अखाड़ों की स्थापना की गई थी। लेकिन वर्तमान में अखाड़ों के साधु-संत पद, प्रतिष्ठा व ऐश्वर्य के लिए आपस में विवाद कर रहे हैं। कथाकथित साधु-संत मंदिरों की परंपरा, मयार्दा और नियमों को तोड़ रहे हैं। हाल ही में उज्जैन में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए कहा गया है कि ऐसी घटनाओं से सनातन धर्म को नुकसान पहुंच रहा है और समाज के सामने लज्जित होना पड़ रहा है।

### आश्रम बन गए व्यावसायिक केंद्र

महासंघ का आरोप है कि वर्तमान समय में अखाड़े व्यावसायिक केंद्र बन चुके हैं। साधु-संतों को निवास के लिए जो स्थान दिए गए थे, वे अब गार्डन और यात्री गृह में बदल चुके हैं, जिनसे उन्हें करोड़ों रुपये की आय हो रही है। साधु समाज मोह और त्याग का प्रतीक माना जाता है, इसके बावजूद सरकार पर दबाव बनाकर सिंहस्थ के नाम पर भारी धनराशि की मांग की जाती है। जबकि सिंहस्थ में साधु-संतों को ऐश्वर्य त्याग कर जप, तप और भजन करना चाहिए।

### जमीनों की खरीद-फरोख्त और अतिक्रमण

पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि संत की दीक्षा लेने के बाद जमीन खरीदना व बेचना दोषपूर्ण माना जाता है। इसके बावजूद संत समाज द्वारा सरकारी भूमियों पर अतिक्रमण किया गया है। महासंघ ने दावा किया है कि यदि निष्पक्ष जांच की जाए, तो साधु-संतों के पास हजारों बीघा जमीन निकलेगी।

### रामराज्य के लिए ऋषि परंपरा की जरूरत

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम का मार्गदर्शन भी सप्त ऋषियों जैसे ज्ञानी ऋषि-मुनियों ने ही किया था। वर्तमान सरकार भी श्रीराम के पथ पर चलने वाली है और इसी के परिणामस्वरूप भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। अतः अब पुनः रामराज्य की स्थापना के लिए देश में अखाड़ा परिषद को समाप्त कर, ऋषि परंपरा को स्थापित करने का कानून बनाया जाना चाहिए।

# जल संरक्षण का अभिप्राय प्रकृति का संरक्षण है: प्रो. पी.आर. व्यास

## माधव कॉलेज में 'जल और लैंगिक' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के भूगोल विभाग में विश्व जल दिवस के अंतर्गत 'जल और लैंगिक' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भूगोल विभाग एवं प्रकृति शोध संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें उदयपुर के विषय विशेषज्ञ व भूगोलविद् प्रो. पी.आर. व्यास ने प्रकृति के संरक्षण, पंचतत्व का संरक्षण, बड़े शहरों के निर्माण और प्रति व्यक्ति जल की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वर्तमान में मानव द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण तथा प्लास्टिक से जमीन, नदी, वातावरण, मिट्टी और जल के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की।

प्रो. व्यास ने कहा कि मां गंगा का जल अमृत के समान है, परंतु हमें क्षिप्रा मैया के जल को प्रदूषण मुक्त करने हेतु अभियान चलाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कहते हुए जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही प्रकृति को सुरक्षित रखने और कृषि में ऑर्गेनिक फार्मिंग का उपयोग करने पर बल देते हुए उद्योगों के दूषित जल को नदियों में प्रवाहित न करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण का अभिप्राय ही प्रकृति का संरक्षण है।

कार्यशाला में मध्य प्रदेश सामाजिक शोध संस्थान के एमेरिटस प्राध्यापक प्रो. वाय.जी. जोशी ने जल को भारतीय संस्कृति का अटूट अंग बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में सभी तीर्थ स्थल नदियों के किनारे बसे हुए हैं। इस्लाम में रोजे को मानव शरीर के मरुस्थल में जीवन के अनुकूलन से जोड़ते हुए उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. जोशी ने बताया कि सभी धर्मों के पर्वों में प्रकृति के माध्यम से जल संरक्षण की शिक्षा मिलती है।

कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले द्वारा किया गया। अतिथि परिचय डॉ. नूतन पँवार ने दिया, जबकि संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. गणेश राठौड़ ने व्यक्त किया। कार्यशाला में शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय की भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमिला बघेल विशेष रूप से उपस्थित थीं।

इस अवसर पर भूगोल के सहायक प्राध्यापक प्रो. आनंद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में प्रकृति शोध संस्थान उदयपुर के अध्यक्ष द्वारा सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और भूगोल विभाग द्वारा अक्टूबर 2026 में आयोजित होने वाली द्वितीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा भी तैयार की गई।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में 5वीं-8वीं के परीक्षा परिणाम सुधरे: 8वीं का 96% रहा रिजल्ट

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में इस वर्ष 5वीं और 8वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम पिछले साल की तुलना में बेहतर रहे हैं। 5वीं का परिणाम 94.27% और 8वीं का 94.50% तक पहुंच गया है। इसके साथ ही, एक्सीलेंस स्कूल में 9वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उज्जैन के गवर्मेंट हायर सेकेंडरी स्कूल दौलतगंज में कक्षा 8वी के छात्र सूर्या रांगडे का 61.5 प्रतिशत रिजल्ट रहा।

जिला प्रोजेक्ट समन्वयक अशोक त्रिपाठी ने बताया कि उज्जैन में इस वर्ष 5वीं और 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है। 5वीं कक्षा का परिणाम पिछले वर्ष 88.8% था, जो इस वर्ष बढ़कर 94.27% हो गया है। इसी प्रकार, 8वीं कक्षा का परिणाम भी 87.1% से बढ़कर 94.50% तक पहुंच गया है, जिसे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उज्जैन के विकासखंड ग्रामीण क्षेत्र में 8वीं कक्षा का परिणाम 96% रहा। यहां कुल 2217 छात्र दर्ज थे, जिनमें से 2146 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 2025 छात्र उत्तीर्ण हुए। विशेष बात यह रही कि 614 विद्यार्थियों ने अ और अ+ ग्रेड प्राप्त किया। वहीं, 5वीं कक्षा में 2611 छात्र दर्ज थे, जिनमें से 2568 ने परीक्षा दी और 2501 विद्यार्थी पास हुए। यह लगभग 97% परिणाम रहा। इसमें 510 विद्यार्थियों ने अ और अ+ ग्रेड हासिल किया। इस संबंध में ब्लॉक एकेडमिक कोऑर्डिनेटर दिनेश पंड्या ने जानकारी दी। उज्जैन के एक्सीलेंस स्कूल में 23 तारीख को 9वीं और 11वीं कक्षा के परिणाम भी घोषित किए गए। 9वीं कक्षा का परिणाम 93.20% रहा, जिसमें कुल 309 विद्यार्थी शामिल थे। इनमें से 253 छात्रों ने फर्स्ट क्लास और 35 ने सेकंड क्लास प्राप्त की, जबकि कोई भी छात्र थर्ड क्लास में नहीं रहा। 11वीं कक्षा का परिणाम 88.90% रहा, जिसमें कॉमर्स और मैथ्स संकाय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन विशेष रूप से बेहतर रहा। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि पूरे साल कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि 11वीं का परिणाम एक्सीलेंस के मानकों के अनुसार थोड़ा कम है, जबकि 9वीं का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है।

### सीएम के जन्मदिन पर अंगारेश्वर मंदिर में पूजन अनुष्ठान

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र और स्वास्थ्य की कामना के साथ समर्थकों ने अंगारेश्वर मंदिर में पूजन-अनुष्ठान के साथ बगलामुखी मंदिर में मिर्ची यज्ञ कराया। इस दौरान सीएम ने अनुष्ठान में वर्चुअली जुड़कर भगवान का आशीर्वाद भी लिया। बुधवार को सीएम मोहन यादव का 61वां जन्मदिन है। वे समर्थकों से मिलने दोपहर बाद उज्जैन आएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर उत्सव सा माहौल नजर आ रहा है। समर्थकों ने पूरे शहर को शुभकामना संदेश के होर्डिंग से पाट दिया है। जन्मदिन के अवसर पर मंगलनाथ मंदिर के पास अंगारेश्वर मंदिर में सीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके समर्थक-मित्रों ने अनुष्ठान करवाया।

### आनंद बरहा बने मैन ऑफ द मैच, राहुल आठिया के शानदार कैच ने पलटा मैच का रुख

# श्री चिड़ार समाज क्रिकेट प्रतियोगिता में 'आनंद' ने जीता फाइनल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री चिड़ार समाज द्वारा आयोजित 10-10 ओवर की क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले में टीम 'आनंद' ने शानदार जीत दर्ज की। फाईनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम 'आनंद' ने निर्धारित ओवरों में 74 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 'प्रेम' कड़े संघर्ष के बावजूद 61 रनों पर ही सिमट गई।

प्रतियोगिता संयोजक सन्नी गोइया ने बताया कि पहले मैच में बल्लेबाजी करने उतरी आनंद बरहा की टीम ने कप्तान की शानदार पारी की बदौलत मजबूत स्कोर खड़ा किया। आनंद बरहा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 36 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें ह्यमैन ऑफ द मैचह्न के खिताब से नवाजा गया। हालांकि, फाईनल मुकाबले में नारायण आठिया ने एक बेहद मुश्किल कैच लपककर आनंद की पारी का अंत किया। इस शानदार कैच को पकड़ने के प्रयास में नारायण के पैरों में चोट भी आई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेमनारायण बरहा की टीम की शुरूआत संघर्षपूर्ण रही। मैच के दौरान रनों की बौछार कर रहे खतरनाक बल्लेबाज देव कुमार को राहुल आठिया ने एक बेहतरीन कैच लपककर पवेलियन का रास्ता दिखाया। राहुल के इस शानदार कैच ने मैच का रुख पूरी तरह से विजेता टीम की ओर मोड़ दिया। गेंदबाजी में शैलेन्द्र हनुमतैया ने अपनी घातक गेंदों से प्रभाव छोड़ते हुए सर्वाधिक विकेट चटकाए।

### लड़ाकू पारी के बावजूद नहीं मिली जीत

प्रेमनारायण बरहा की टीम की ओर से कान्हा गहलोत ने सर्वाधिक रनों का योगदान दिया। इसके अलावा देव, मोहन चंदेल ने मैच को पकड़ कर रखा। शैलेन्द्र हनुमतैया, दीपक गहलोत और रवि आठिया के साथ ही कप्तान प्रेमनारायण बरहा ने भी अपने बल्ले का कमाल दिखाया। टीम में पवन गहलोत, नारायण आठिया और उदय आठिया भी शामिल थे। मोहन चंदेल, कान्हा गहलोत और देव ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन वे अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा सके और टीम कुल 61 रन ही बना सकी।

### 5 ग्राम पंचायतो में टैंकर वितरण किये

**बड़नगर।** जनपद पंचायत परिसर में बुधवार को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत विधायक जितेन्द्र उदयसिह पण्ड्या द्वारा 7 लाख 96 हजार 60 रुपए की लागत से निर्मित पानी के टैंकर 05 ग्राम पंचायत जिनमें ग्राम पंचायत दांतरवा, बडगारा, रणावदा, मिण्डका, कंजड को उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर विधायक पंड्या ने कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठोर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता गोरधनसिंह पटेल, भेरूलाल पण्ड्या, अध्यक्षद्वय महेश हारोड़, नवीन राठौड़, सरपंच संघ अध्यक्ष मनोहर गुर्जर, सरपंच देवेन्द्रसिंह राणावत, सरपंच प्रतिनिधि इकबाल पटेल आदि मौजूद थे।

# सीएम डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर उज्जैन दौरा, आकाशवाणी से प्रदेशवासियों को संबोधित किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने जन्मदिन के अवसर पर उज्जैन पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों और आमजन ने उनका स्वागत किया। उन्होंने आकाशवाणी केंद्र से प्रदेशवासियों को संबोधित किया और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उज्जैन पहुंचने पर हेलीपैड पर उनका स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शाल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। शहर में जगह-जगह लोगों ने मुख्यमंत्री के काफिले को रोककर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्षद, समाजसेवी और नागरिक मौजूद रहे।

हेलीपैड से मुख्यमंत्री सीधे आकाशवाणी केंद्र गए। यहां से उन्होंने रात 8:30 बजे प्रदेश की विकासात्मक गतिविधियों पर प्रदेशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। इसके बाद मुख्यमंत्री उज्जैन प्रेस क्लब पहुंचे। यहां वे अपने बड़े भाई नंदलाल यादव के स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। स्थानीय पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों ने उनका अभिनंदन किया।

प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाडा और उपाध्यक्ष विक्रम जाट ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उज्जैन में सिंहस्थ के मद्देनजर एक विशाल प्रेस क्लब भवन बनाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से पत्रकार आएंगे, इसलिए प्रस्ताव भेजने पर भवन की सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इसके बाद कालिदास अकादमी का दौरा किया, जहां ह्यदिल से कहो अपने मोहन जी हैह्न कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सत्यनारायण खोईवाल और अध्यक्ष विक्रम सिंह गोंदिया थे।

# महाकाल गर्भगृह प्रवेश: देश के पुजारियों को मिले अनुमति या साधु-संतों पर भी लगे प्रतिबंध

### अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने जिलाधीश को लिखा पत्र, साधु-संतों के प्रवेश पर उठाए गंभीर सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। महासंघ ने मांग की है कि गर्भगृह में या तो देश के प्राचीन और प्रतिष्ठित मंदिरों के पुजारियों को भी जल चढ़ाने की अनुमति दी जाए, या फिर साधु-संतों के प्रवेश पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इस संबंध में महासंघ के नगर अध्यक्ष मंगल पुजारी ने जिलाधीश महोदय को पत्र भेजा है।

महासंघ का आरोप है कि महाकालेश्वर मंदिर गर्भगृह में प्रवेश बंद होने के बावजूद कई साधु-संत अपने पदों का दुरुपयोग कर अंदर प्रवेश कर रहे हैं जो अनुचित है। पत्र में कहा गया है कि ये साधु-संत सनातन धर्मावलंबियों द्वारा सर्वमान्य नहीं होते, बल्कि वे केवल अपने अखाड़ों द्वारा नियुक्त होते हैं और अपनी निजी जमीन खरीदकर मठ आश्रम बनाकर रहते हैं। महासंघ ने गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से कई साधु-संतों पर गंभीर आपराधिक मामलों से लेकर यौन शोषण तक के आरोप सामने आते रहे हैं। ऐसे साधु-संत महाकाल गर्भगृह में जाने योग्य नहीं हैं।

नगर अध्यक्ष मंगल पुजारी ने पत्र में बताया है कि यदि निजी अखाड़ों द्वारा घोषित साधु-संतों और महामंडलेश्वरों को गर्भगृह में जाने की अनुमति दी जा सकती है, तो शासन द्वारा नियुक्त पुजारियों को क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि साधु-संतों का शासन की व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं होता और वही लोग अक्सर प्रशासन की सार्वजनिक व्यवस्था को सबसे ज्यादा कोसते नजर आते हैं। इसके विपरीत, पुजारी वर्ग सदैव शासन-प्रशासन का सहयोग करता है और सनातन धर्मावलंबियों द्वारा सर्वमान्य होता है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि ऐसे पुजारियों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाना धर्मानुसार उचित नहीं है, इसलिए प्रशासन को इस व्यवस्था में समानता लानी चाहिए।

## खबर एक नजर...

### आंगन वाड़ी केंद्र पर विद्यारम्भ कार्यक्रम मनाया

**मक्सी ।** मक्सी में विद्यारंभ कार्यक्रम मनाया गया महिला एव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र/क्रमांक 1,2,1/2, 3 पंजीकृत 5 से 6 वर्ष समस्त बच्चों के प्राथमिक शाला में सहायक रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के शुद्धिकरण के उद्देश्य से विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण किए गए ,आंगनवाड़ी केंद्र 1,1/2, 02 ,3/2 में बच्चे ,अभिभावक एवं वार्ड पार्षद अशोक लोधी एवं वार्ड के महेश लोधी ,रोशन आरा, शिप्रा राठौर, कुंता लोधी एवं सहायिका रेखा लोधी, कांति लोधी सुनीता लोधी देवकी लोधी उपस्थित में होकर आंगनबाड़ी में आने वाले 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्याराम प्रमाण पत्र वितरण कर अभिभावक को मार्ग दर्शन दिया गया, विद्याराम प्रमाण पत्र का महत्व को समझाया गया जीससे अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री का विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम दिखाया गया।

### पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़ अधिकारियों ने कहा ईंधन पर्याप्त

**महिदपुर।** शहर के नजदीकी पेट्रोल पंपों पर बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक डीजल-पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सोशल मीडिया पर फैली किसी अफवाह या अनिश्चितता के डर से लोग बड़ी संख्या में अपने वाहनों की टंकियां फुल कराने पहुँचने लगे। जैसे ही प्रशासन को पंपों पर बढ़ती भीड़ की सूचना मिली, अधिकारी तुरंत हरकत में आए। एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल और थाना प्रभारी नरेंद्रसिंह परिहार दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने न केवल कतारों को व्यवस्थित करवाया, बल्कि स्वयं मोर्चा संभालते हुए वाहन मालिकों से संवाद किया। अफवाहों पर न दें ध्यान एसडीएम अजय हिंगे ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा, जिले में डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसी भी तरह की किल्लत नहीं है। नागरिक पैनिक न हों और जरूरत के अनुसार ही ईंधन लें। वहीं, पंप संचालक जवाहर डोसी (पीयूष) ने भी स्पष्ट किया कि उनके पास भरपूर मात्रा में स्टॉक मौजूद है और सप्लाई चेन पूरी तरह सामान्य है। प्रशासन की त्वरित समझाइश और मौके पर मौजूदगी के बाद स्थिति नियंत्रण में आई और लोग शांत हुए।

### महिदपुर में विकासखंड स्तरीय निशुल्क दिव्यांग शिविर का आयोजन

महिदपुर। शासन के निर्देशानुसार 23 मार्च को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय महिदपुर में विकासखंड स्तरीय निशुल्क दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय चिकित्सा टीम और विशेषज्ञ द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों का परीक्षण कर 9 विद्यार्थियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा शिविर में 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनके प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया गया तथा सभी विद्यार्थियों की जांच की गई।

### ईरान इजराईल के विवाद असर का ग्रामीण क्षेत्र में आया

# गेहूं काटने की हार्वेस्टर मशीन के चक्के थमे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खरसौदकलां। ईरान इसराइल के गहराए विवाद का असर ग्रामीण क्षेत्र में दिखाई देने लगा है। वर्तमान में पिछले दो दिनों से तेल पदार्थ की अभाव में फसल काटने की हार्वेस्टर मशीन के चक्का थमने से किसानों के सामने गैंहू की परिपक्व फसल को जुटाने में संकट खड़ा हो गया है।

क्षेत्र में पिछले दिनों से इराक एवं इजराइल के बीच गहराया विवाद में तेल पदार्थ पर विपरीत असर पड़ा है। यहां तक की वर्तमान में पेट्रोल पदार्थ के साथ-साथ में डीजल पर भी विपरीत असर पड़ा है ऐसे में किसानों को कृषि यंत्र में ट्रैक्टर के साथ चार पहिया वाहन रुकने लगे हैं। वही दो पहिया वाहन में प्रेटोल के लिए घंटों कतार में खड़े रहकर गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी पैदा हुई है।वहीं क्षेत्र में परिपक्व गेहूं की फसल कटाई में हार्वेस्टर मशीन के तेल पदार्थ के अभाव में पूरी तरह से चक्के रुक गए है। एसे में किसानों को फसल को संग्रहीत करने में भारी संकट आया है। एलपीजी गैस के लिए भी घरेलू उपभोक्ता हैं परेशान क्षेत्र में तेल पदार्थ के साथ-साथ में गैस सिलेंडर में भी संकट उभरा है। यहां तक की व्यवसायिक दुकानों को गैस सिलेंडर अभाव में वर्तमान में दुकानों पर ताले लटकाने के लिए मजबूर हुए है । वहीं मांगलिक कार्य में मुंडन संस्कार मान मन्नत के अलावा पगड़ी रश्मे जैसे कार्यक्रम को भी शिथिल करने के लिए ग्रामीण लोग मजबूर है।



**धामनोद - बड़वाह पेट्रोल पंप पर उमड़ी भारी भीड़-** बड़वाह रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर अफवाह के चलते मंगलवार रात को अचानक रात्रि 10 बजे पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की भीड़ लग गई वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई पेट्रोल पंप पर भीड़ होने की सूचना मिलते ही मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित किया।

### तरुण खटीक की निर्मम हत्या से आक्रोश, दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बड़नगर।** दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के पर्व पर युवक तरुण खटीक की हुई निर्मम हत्या को लेकर स्थानीय समाजजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में सर्व हिंदू समाज, क्षत्रिय खटीक समाज कल्याण संघ, क्षत्रिय मालवा खटीक सेना एवं अखिल भारतीय खटीक समाज संघ एन 441 के संयुक्त तत्वाधान में तहसीलदार रूपाली जैन को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन सर्व हिंदू समाज की ओर से ओमप्रकाश व्यास एवं खटीक समाज के अध्यक्ष पूनमचंद कायस्थ ने किया।

समाजजन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि होली जैसे पावन पर्व पर हुई इस हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह कृत्य न केवल मानवता को शर्मसार करने वाला है, बल्कि समाज में असुरक्षा का वातावरण भी पैदा कर रहा है। समाज ने मांग की है किः मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपये का मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। आरोपियों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए।

### ई-केवाईसी में लापरवाही पर तराना के सीएमओ को नोटिस, टीएल मीटिंग में कलेक्टर के निर्देश

**उज्जैन।** नल-जल योजना के पूर्ण हुए प्रोजेक्ट के हस्तांतरण समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने पर एसडीओ राजेश होलकर का एक माह का वेतन कटेगा और नोटिस भी जारी होगा। इसी तरह समग्र ई-केवाईसी अभियान के कार्य में लापरवाही बरतने पर तराना के सीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इन कार्रवाई के लिए सोमवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने टीएल मीटिंग में निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित मीटिंग में कलेक्टर ने इंदौर में हुई आगजनी की घटना पर चिंता व्यक्त की। ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए एसडीएम, विद्युत मंडल, नगर निगम, नगरीय निकायों और जनपद के अधिकारियों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक संस्थानों, होटल, कार्यालयों में फायर सेफ्टी का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत मंडल को ओवरलोडिंग और ईवी चार्जिंग संबंधित आवश्यक जानकारी देकर नागरिकों को जागरूक करने को भी कहा।

# मंदसौर शहर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़



### आलोट में गहराया पेट्रोल संकट दो पंप हुए ड्राई, अन्य पर लगी लंबी कतारें

आलोट। इजरायल - ईरान युद्ध के चलते मंगलवार को अचानक पेट्रोल डीजल की कमी आने की अफवाहों का दौर चला और पैट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार लग गई देर रात तक लोग पेट्रोल डीजल के लिए पंपों पर जाने लगे। बुधवार दोपहर को ही नगर के दो प्रमुख पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म होने करण ताले लटक गए हैं इसके बाद अन्य पेट्रोल पंप लंबी-लंबी वाहनों की लाइन लग गई है अफरा तफरी का माहौल बन गया हालांकि आलोट पुलिस में मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला । वहीं ताल रोड पर शंखेश्वर फ्युल पर आसानी से पेट्रोल डीजल उपलब्ध हो रहा था यहां प्रशासन के निदेर्शानुसार पेट्रोल एवं डीजल वाहनों में भरा जा रहा है। स्टेशन रोड स्थित भारत पेट्रोलियम पंप तथा विक्रमगढ़ फाटक स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम के पंप पर स्टॉक खत्म होने के कारण ताले लटक गए स्थानीय प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वाहनों के अलावा किसी भी केन में डीजल पेट्रोल नहीं भरे और वाहनों को भी सीमित मात्रा में डीजल पेट्रोल दे ताकि सभी को मिल सके।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मन्दसौर शहर सहित पूरे जिले में पेट्रोल-डीजल की किल्लत व कीमतों में बदलाव की अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार रात से शुरू हुआ यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा, जिससे कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुछ पेट्रोल पंप संचालकों को पुलिस के बैरिकेड्स लगाने पड़े, तो कहीं मशीनों के अत्यधिक गर्म होने और स्टाफ की थकान के कारण पंपों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया और नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की। कलेक्टर अदिति गर्ग ने उन्हेंने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के सभी पेट्रोल पंपों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कहा है कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है तथा आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंपों की नियमित चेकिंग सुनिश्चित की गई है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं प्रशासन और जिला आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण चंद्रावत के अनुसार, जिले के 181 पेट्रोल पंपों पर वर्तमान में पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और तेल कंपनियों से आपूर्ति भी निरंतर जारी है। हालांकि, भारी भीड़ के कारण कुछ पेट्रोल संचालकों ने दोपहिया वाहन चालकों को केवल 1 लीटर पेट्रोल देना शुरू कर दिया था ताकि सभी को ईंधन मिल सके। अधिकारियों ने जनता से अनुरोध किया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सभी नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल-डीजल मिलता रहेगा।

# चला गया अनुपम... पर तीन जिंदगियों में धड़कता रहेगा उसका जीवन नालमे परिवार का इंदौर में मानवता का स्वर्णिम अध्याय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शुजालपुर

कभी-कभी जिंदगी बहुत जल्दी हार मान लेती है... लेकिन कुछ लोग जाते-जाते भी जिंदगी बांट जाते हैं। शुजालपुर के 34 वर्षीय अनुपम नालमे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका दिल, उनका जीवन, उनकी सांसें अब तीन अलग-अलग शरीरों में धड़केंगी। उनका जाना एक परिवार के लिए असहनीय पीड़ा लेकर आया, लेकिन उसी पीड़ा से जन्मी एक ऐसी मिसाल, जो समाज को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। माँ अहिल्या की पावन नगरी इंदौर ने एक बार फि र मानवता का सबसे उज्ज्वल रूप देखा, जब शुजालपुर के अनुपम के परिवार ने अपने बेटे को खोने के गहरे दुख के बीच अंगदान का निर्णय लेकर कई जिंदगियों को नया जीवन देने का संकल्प लिया।

अनुपम नालमे पिता जगदीश नालमे एक सामान्य दिन जी रहे थे। वे अपने सिविल इंजीनियर ताऊजी अनिल नालमे व जुबीन नालमे के साथ अभियंता का कार्य करते थे और स्वभाव से मददगार अनुपम हमेशा दूसरों के लिए खड़े रहने वाले इंसान थे। लेकिन 20 मार्च को आए एक गंभीर मस्तिष्क रक्तस्राव ने सब कुछ बदल दिया। उन्हें इंदौर के सीएचएल केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हर संभव प्रयास किया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। चिकित्सकीय परीक्षणों के बाद शाम 5.13 बजे और फि र रात 11.50 बजे दो चरणों में मस्तिष्क मृत्यु प्रमाणन किया गया। यह वह क्षण था, जब उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी थीं लेकिन यहीं से एक नई उम्मीद जन्म लेने वाली थी।

जिस समय एक परिवार अपने बेटे को खोने के गम में टूट जाता है, उस समय नालमे परिवार ने एक ऐसा निर्णय लिया, जो हर किसी के बस की बात नहीं। मुस्कान समूह के सेवादारों की परामर्श प्रक्रिया के बाद परिवार ने अंगदान के लिए सहमति दी। पिता जगदीश नालमे, बुआ डॉ. वर्षा, भाई अनुराग और जुबीन नालमे सभी ने मिलकर यह ठाना कि अनुपम की जिंदगी यहीं खत्म नहीं होगी... वह दूसरों के जीवन में आगे बढ़ेगा। यह निर्णय केवल एक सहमति नहीं, बल्कि मानवता के प्रति उनका समर्पण था।

अनुपम का लीवर सीएचएल केयर अस्पताल में भर्ती 44 वर्षीय महिला को नया जीवन देगा। एक किडनी 34 वर्षीय महिला को और दूसरी किडनी शैल्बी अस्पताल में भर्ती 39 वर्षीय पुरुष को प्रत्यारोपित किया जाएगा। इन अंगों को समय पर पहुंचाने के लिए इंदौर में 67वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, एक ऐसा रास्ता, जहां हर संकेत थम जाता है, लेकिन जिंदगी दौड़ती है।

दुख की इस घड़ी में भी शुजालपुर का नालमे परिवार यहीं नहीं रुका। उन्होंने हाथ, अग्न्याशय, अस्थि, हृदय वाल्व और छोटी आंत तक दान करने की इच्छा जताई। राष्ट्रीय स्तर पर चेतावनी जारी की गई, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंच सके। हालांकि तकनीकी कारणों और तत्काल आवश्यकता न होने के कारण इन अंगों का उपयोग नहीं हो सका।

# मकान कब्जे को लेकर महिलाओं ने दंपत्ति को पीटा, ताला तोड़कर घुसीं, केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› देवास



ओम साईं विहार इलाके में मंगलवार को महिलाओं के एक समूह ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि उन्होंने एक मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और मकान मालिक धीरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।

पीथमपुर से आईं सलोनी सिंह, सरिता सिंह और लगभग 10 अन्य महिलाएं लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मकान का ताला तोड़कर जबरन अंदर प्रवेश किया और धीरेंद्र सिंह से मारपीट की।

जानकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी सलोनी सिंह, धीरेंद्र सिंह के बड़े भाई की पत्नी हैं। उनका तलाक का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। ओम साईं विहार स्थित इस मकान को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है।

### घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद

मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में महिलाएं ताला तोड़कर अंदर घुसते और हंगामा करते हुए साफ नजर आ रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल, औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

## नकली मैंगो जूस बनाते व्यक्ति पकड़ा, हानिकारक केमिकल जब्त कार्रवाई जारी

ब्यावरा। राजगढ़ जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नकली मैंगो जूस बनाते एक व्यक्ति को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान रतीलाल सोनकर निवासी जौनपुर उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल स्वीटनर सक्रीन, रंग, शक्कर व चासनी का उपयोग कर मैंगो जूस तैयार करते हुए पाया गया। मौके से मैंगो जूस, शक्कर चासनी एवं सक्रीन के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। साथ ही लगभग 5 किलो आर्टिफिशियल स्वीटनर सक्रीन जब्त किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक माना जाता है। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित व्यक्ति बिना वैध खाद्य लाइसेंस के जूस तैयार कर रहा था। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत पंचनामा बनाकर कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में बाहरी राज्यों से कई लोग जिले में मैंगो जूस के ठेले लगाते हैं, जिनमें कुछ लोग रंग, केमिकल एवं अखाद्य पदार्थों का उपयोग कर आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में इस प्रकार की जांच लगातार जारी है और मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## अचलेश्वर धाम में अखंड रामायण

इंगोरिया। अचलेश्वर महादेव मंदिर पर नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ चल रहा है। रामनवमी पर समापन होगा। दशहरा पर्व पर प्रतिवषार्नुसार मंदिर प्रांगण पर विशाल कन्या भोजन और भंडारा रखा गया है। संस्थापक पंडित कोमल दास चतुर्वेदी की प्रेरणा से थाना परिसर इस शिव धाम पर सावन में पूरे एक माह तक, मकर संक्रांति से महाशिव रात्रि तक 45 दिवसीय अखंड रामायण, चैत्र नवरात्रि में नौ दिन और शारदीय नवरात्र में भी नौ दिन तक अखंड रामायण पाठ का आयोजन सतत 43 वर्षों से चला आ रहा है।

## यादवोत्थान समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, सामूहिक विवाह और कार्यकारिणी विस्तार पर चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर



यादवोत्थान समिति मालवांचल की एक आवश्यक बैठक रविवार को स्थानीय सत्यम कॉम्प्लेक्स, खोप दरवाजा पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मथुरालाल झड़ ने की। शुभारंभ अतिथियों और वरिष्ठजनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए यादवोत्थान समिति एवं युवा उत्थान समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए मनोनयन पत्र वितरित किए गए। बैठक में समाज हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सामूहिक विवाह आगामी 20 अप्रैल 2026 (अक्षय तृतीया) को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों और रूपरेखा पर चर्चा की गई। समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समाज को संगठित करने के लिए आजीवन और वार्षिक सदस्यता अभियान को गति देने पर सहमति बनी। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, युवा उत्थान समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, वरिष्ठजन और युवा साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव ओम प्रकाश यादव ने किया। आभार युवा अध्यक्ष सचिन यादव ने व्यक्त किया।

## महिदपुर में 11वां परशुराम जन्मोत्सव, बैठक में तय हुई रूपरेखा, विभिन्न आयोजनों पर चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› महिदपुर

प्रतिवषार्नुसार ब्राह्मण समाज महिदपुर-झारड़ा क्षेत्र द्वारा इस वर्ष 11वां परशुराम जन्मोत्सव एवं चल समारोह मनाया जाएगा। आयोजन की रूपरेखा एवं कार्यक्रम तय करने के लिए 22 मार्च, रविवार को श्रीराम मंदिर औदीच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला, जेल रोड महिदपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परशुराम जन्मोत्सव के साथ होली मिलन समारोह, हिंदू नववर्ष समारोह सहित अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय प्रभारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जन्मोत्सव आयोजन के संयोजक के रूप में सत्यनारायण शर्मा पेटलावद को दायित्व दिया गया। वहीं महिदपुर नगर प्रभारी संजय व्यास, महिला नगर प्रभारी उमा पांडे, झारड़ा क्षेत्र प्रभारी विकास उपाध्याय, नागपुरा-महिदपुर रोड क्षेत्र प्रभारी चंद्रशेखर पंड्या तथा झुटावद-घौंसला क्षेत्र प्रभारी नीतेश मेहता (पलवा) को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संचालन महेश रावल ने किया। आभार कमलेश उपाध्याय ने माना। आयोजन से संबंधित जानकारी प्रदीप पंड्या (कढ़ाई) द्वारा दी गई। बैठक में समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने एवं आयोजन को बनाने का आह्वान किया गया।

## बकायादारों पर बिजली कंपनी का डंडा, उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप

शाजापुर। सालों से बिजली के बिलों को नजरअंदाज कर रहे डिफाल्टरों पर अब विद्युत वितरण कंपनी ने नरमी छोड़कर सख्त रुख अपना लिया है। बकाया वसूली के लिए कंपनी अब सीधे जब्ती की कार्रवाई पर उतर आई है, जिससे बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई मुख्य रूप से ग्राम आला उमरोद, पिपलिया गोपाल, धारा खेड़ी पूर्वी और धारा खेड़ी पश्चिम में की गई। इस दौरान सिंचाई और घरेलू उपयोग का बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए टीम ने 13 मोटरसाइकिलें, 2 पानी की मोटरें और एक कूलर मौके से जब्त कर लिया। उक्त चिह्नित उपभोक्ताओं पर विभाग का कुल 3.97 लाख रुपये का बिजली बिल लंबे समय से लंबित था। जब्ती की इस सख्त कार्रवाई का सीधा असर यह हुआ कि 7 मोटरसाइकिल मालिकों ने तुरंत अपने बिलों का भुगतान करना बेहतर समझा। उन्होंने मौके पर ही 1.36 लाख रुपये की राशि जमा की, जिसके बाद विभाग ने उनके वाहन वापस लौटा दिए। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई उपभोक्ता ऐसे हैं जो सालों से बिजली का उपयोग तो कर रहे हैं, लेकिन बिल जमा करने में लगातार आनाकानी कर रहे थे। इसी रवैये को देखते हुए यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

## शहीद दिवस पर तिरंगा मित्र मंडल ने किया भारत माता की आरती का आयोजन



ब्रह्मास्त्र ›› जीरापुर

शहीद दिवस के अवसर पर तिरंगा मित्र मंडल द्वारा चोपड़ा बाजार में शहीदों को नमन करते हुए भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और देश के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। देशभक्ति के माहौल के बीच भारत माता की आरती की गई, जिसमें सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इन वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। वक्ताओं ने नागरिकों से देशभक्ति का जज्बा हमेशा जीवित रखने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने नगर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा के समक्ष रखी। अपने उद्बोधन में पवन कुशवाहा ने बताया कि चोपड़ा बाजार स्थित हनुमान मंदिर और कुंडी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रस्तावित है और इसी के साथ यहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की स्वीकृति भी दी जाएगी।

## शासकीय श्री वराह मिहिर विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› कायथा

श्री वराह मिहिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायथा में नवीन शिक्षण सत्र 2026 27 हेतु पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्रदान करने तथा बालकों की सहमति व सहभागिता सुनिश्चित करने तथा नवीन प्रवेश उत्सव की तैयारी निशुल्क साइकिल वितरण कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं के परीक्षा फल की समीक्षा की गई मीटिंग में एसएमसी अध्यक्ष राधेश्याम डडानिया,प्राचार्य प्रकाश कुमार, जितेंद्र कुमार काशनिया,उपस्थित थे उक्त जानकारी संस्था के शिक्षक जगदीश चंद्र परमार द्वारा दी गई

## युवाओं में सुंदरकाण्ड पाठ को लेकर अपार उत्साह

**ब्यावरा।** श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सामुहिक सुंदरकाण्ड के रूप में लगातार चौथी बार अद्भुत आयोजन होगा। नगर में इस भव्य और अद्भभुत आयोजन को लेकर महिला, बच्चे, युवाओ में सुंदरकाण्ड पाठ को लेकर अपार उत्साह देखने को मिलता है। सुन्दरकाण्ड पाठ सुंदर लय व ताल के साथ बिना रूके, बिना थके, बिना भजनों के अद्वितीय होगा। श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आयोजित होने वाले इस अनूठे धार्मिक आयोजन के प्रति आम लोगो में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है. कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार द्वारा आम श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। संगीत की धुन के बीच शांत माहौल में जब एक साथ सैकड़ों लोग अपने स्वर से सुंदर चौपाईयों का गान करटे है तो माहौल बड़ा ही आनंददायी होता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों की स्थानीय परीक्षाओं का हुआ समापन

**महिदपुर रोड।** नगर के सर स्वती शिशु मंदिर सहित झुटावद सं कुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी छ शिशु मंदिरों के स्कूली बच्चों की 9 मार्च सोमवार से प्रारंभ हुई स्थानीय परीक्षाएं 24 मार्च मंगलवार को खत्म हो गई। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रामेश्वर परमार तथा झुटावद संकुल केंद्र के प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत ने जानकारी देते हुए बताया संकुल केंद्र के अंत र्गत आने वाले सभी छः सरस्वती शिशु मन्दिरों में 9 मार्च से स्कूली बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं जिनमें कक्षा छठी सातवीं तथा नौवीं व ग्यारहवीं कक्षाओं के स्थानीय प रीक्षा नाम है प्रारंभ हुई थी जो 24 मार्च मंगलवार को कक्षा छठी अं ग्रेजी कक्षा सातवीं विज्ञान कक्षा 9वी गणित कक्षा ग्यारहवीं राज नीति-अर्थशास्त्र विषय के अंतिम प्रश्न पत्रों के साथ समाप्त हो गई । विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा वार्षिक परी क्षाओं के साथ- साथ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी निरंतर किया जा रहा है प्रतिष्ठा के जारी परीक्षा समय चक्र के अनुसार 30 मार्च सोमवार को स्थानीय परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये जायेगे।



# सिंगापुर कोर्ट बोला- जुबीन गर्ग की मौत डूबने से हुई

## सिंगर की मौत मर्डर नहीं, शराब के नशे में डूबे थे, लाइफ जैकेट पहनने से मना किया

सिंगापुर की एक अदालत ने असम के फेमस सिंगर जुबीन गर्ग की मौत पर फैसला सुनाया है। बुधवार को वहां की स्टेट कोरोनर कोर्ट ने पुलिस की जांच रिपोर्ट को सही ठहराते हुए कहा कि सिंगर की मौत एक दर्दनाक हादसा थी। इसमें किसी भी तरह की साजिश नहीं पाई गई है।

पिछले साल सितंबर में एक आइलैंड के पास जुबीन की डूबने से मौत हो गई थी, जिसके बाद उनकी पत्नी और परिवार ने जांच पर सवाल उठाए थे। अदालत में पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक, 52 साल के जुबीन गर्ग घटना के समय भारी नशे में थे। उनकी टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट में ब्लड अल्कोहल की मात्रा 333 मिलीग्राम पाई गई, जो सिंगापुर की कानूनी सीमा (80 मिलीग्राम) से चार गुना से भी ज्यादा थी।

**नशे की वजह से डूबे जुबीन-** कोरोनर ने कहा कि इतने नशे की वजह से वे सही फैसला नहीं ले पा रहे थे। उन्होंने पहले तो लाइफ जैकेट पहनी थी, लेकिन पहली बार तैरने के बाद उसे उतार दिया। दूसरी बार जब वे पानी में उतरे, तो कैप्टन और दूसरे साथियों के टोकने के बावजूद उन्होंने लाइफ जैकेट पहनने से साफ मना कर दिया था। जुबीन की पत्नी ने शक जताया था कि सिंगर को पानी में धक्का दिया गया होगा। इस पर कोरोनर नाखोडा ने साफ किया कि पुलिस ने बहुत बारीकी से जांच की है। ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जिससे लगे कि उन्हें मजबूर किया या धक्का दिया।

### सेलिना जेटली ने बच्चों के 14वें बर्थडे पर इमोशनल पोस्ट की

# महीनों से बेटों की आवाज नहीं सुनी





**पति पर लगा चुकीं टॉर्चर के गंभीर आरोप**



बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली इस वक्त अपनी जिंदगी के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। एक तरफ जहां वे पति पीटर हाग से तलाक और बच्चों की कस्टडी के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं, वहीं उनके भाई भी यूएई सरकार की हिरासत में हैं।

इस तनाव के बीच सेलिना अपने जुड़वां बेटों को याद कर भावुक हो गईं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर कर बताया कि वे महीनों से अपने बच्चों की आवाज तक नहीं सुन पाई हैं। सेलिना के जुड़वां बेटों विंस्टन और विराज का 14वां जन्मदिन है, लेकिन एक्ट्रेस उनसे कोसों दूर हैं। इंस्टाग्राम पर बच्चों के साथ पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, मेरे प्यारे विंस्टन और विराज, जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं तुम्हारे पास नहीं रह पाऊंगी। इतने महीनों से तुम्हारी आवाज नहीं सुनी और न चेहरा देख पाई हूं। एक मां अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत कुछ सहती है, आज मैं उस दर्द को अपनी हर सांस में महसूस कर रही हूं।

### पति पर लगाए गंभीर आरोप

सेलिना और उनके पति पीटर हाग के बीच विवाद काफी गहरा चुका है। कुछ महीने पहले भारत लौटने के बाद सेलिना ने मुंबई की एक अदालत में पीटर के खिलाफ घरेलू हिंसा और मारपीट का केस दर्ज कराया था। एक्ट्रेस ने पति पर फिजिकल, सेक्शुअल और इमोशनल एब्यूज के संगीन आरोप लगाए हैं। सेलिना का दावा है कि पीटर उन पर कंपनी के डायरेक्टर्स के साथ संबंध बनाने का दबाव डालते थे और उनके प्राइवेट पार्ट में रॉड डालने तक की धमकी देते थे।

### 50 करोड़ का मुआवजा और बच्चों की कस्टडी की मांग

कानूनी लड़ाई में सेलिना ने पति से 50 करोड़ रुपये का मुआवजा और हर महीने 10 लाख रुपए मेंटेनेंस की मांग की है। इसके साथ ही वे अपने तीनों बेटों विंस्टन, विराज और आर्थर की कस्टडी भी चाहती हैं। फिलहाल ये तीनों बच्चे अपने पिता के साथ ऑस्ट्रिया में रह रहे हैं। सेलिना ने अपने पोस्ट में लिखा कि वे जो कुछ भी कर रही हैं, अपने बच्चों के भविष्य और परिवार को फिर से एक करने के लिए कर रही हैं।

### भाई भी यूएई की जेल में बंद

सेलिना की मुश्किलें सिर्फ पति तक सीमित नहीं हैं। उनके भाई भी इस वक्त यूएई सरकार की हिरासत में हैं, जिन्हें छुड़ाने के लिए वे लगातार प्रयास कर रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट के अंत में बच्चों को हिम्मत रखने की सलाह देते हुए लिखा कि चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में रहें, वे हमेशा उनकी मां बनी रहेंगी और यह लड़ाई जारी रखेंगी।



# अवतार 3 ओटीटी पर 31 मार्च को रिलीज होगी

## भारत में अप्रैल में रिलीज होने की उम्मीद 13,070 करोड़ की कमाई कर चुकी फिल्म

जेम्स कैमरून की साइंस फिक्शन फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' यानी अवतार 3 सिनेमाघरों में तीन महीने पूरे करने के बाद अब ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। बीते साल 19 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में 13,070 करोड़ का रिकॉर्ड कलेक्शन किया था। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 'अवतार 3' का प्रीमियर 31 मार्च 2026 से विदेशी दर्शकों के लिए 'डिस्नी+' पर होगा। हालांकि, विदेशी दर्शकों को शुरुआत के एक महीने इसे देखने के लिए रेंट (किराया) देना होगा।

भारत की बात करें तो यहां यह फिल्म 'जियो हॉटस्टार ' पर स्ट्रीम की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि अप्रैल के पहले हफ्ते से जून 2026 के बीच भारतीय फैंस इसे अपने मोबाइल या टीवी पर घर बैठे देख पाएंगे।

**3,400 करोड़ के बजट में बनी है अवतार 3-** अवतार 3' का कुल बजट करीब 400 मिलियन डॉलर (3,400 करोड़) था। बॉक्स ऑफिस पर इसने $1.49 बिलियन की कमाई की। भारत में भी फिल्म का क्रेज दिखा और इसने 235 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। फिल्म की बेहतरीन मेकिंग के लिए इसे 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में 'बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स' का अवॉर्ड भी मिला है। जेम्स कैमरून की यह फ्रेंचाइज दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली सीरीज है। जेम्स कैमरून ने पेंडोरा की इस दुनिया को और आगे ले जाने की तैयारी कर ली है। 'अवतार 3' के बाद अब फैंस को 'अवतार 4' और 'अवतार 5' का इंतजार है। कैमरून के मुताबिक, चौथी फिल्म साल 2029 में और पांचवीं फिल्म साल 2031 में रिलीज की जाएगी।

### 25 हजार फैंस के सामने हनी सिंह और लॉरेन गॉटलीब का लाइव रोमांस

# 48 घंटे में बना धमाकेदार म्यूजिक वीडियो





मनोरंजन जगत में इन दिनों एक अनोखा और बेहद रोमांचक म्यूजिक एक्सपेरिमेंट चर्चा का केंद्र बना हुआ है, जहां लाइव कॉन्सर्ट के बीच ही म्यूजिक वीडियो शूट कर दिया गया। मशहूर सिंगर यो यो हनीसिंह और अमेरिकन डांसर-अभिनेत्री लॉरेन गॉटलीब की जोड़ी ने दिल्ली में हुए एक बड़े कॉन्सर्ट में 25 हजार से ज्यादा फैंस के सामने ऐसा कर दिखाया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।

बताया जा रहा है कि इस म्यूजिक वीडियो की सबसे खास बात यह रही कि इसे किसी स्टूडियो या सेट पर नहीं, बल्कि लाइव ऑडियंस के बीच शूट किया गया। यह पूरा कॉन्सेप्ट इवेंट से महज 48 घंटे पहले तैयार किया गया था। लॉरेन गॉटलीब ने खुद एक इंटरव्यू में खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट के लिए आखिरी समय में कॉल आया और टीम ने तुरंत फैसला लिया कि इस गाने को लाइव कॉन्सर्ट में ही फिल्माया जाएगा।

दिल्ली के इस हाई-एनर्जी कॉन्सर्ट में हजारों दर्शकों के बीच शूटिंग करना अपने आप में एक बड़ा चैलेंज था। लॉरेन ने इसे इलेक्ट्रिफाइंग अनुभव बताया और कहा कि बिना ज्यादा रिहर्सल के, सिर्फ फील और वाइब के आधार पर परफॉर्म करना बेहद खास था। उन्होंने बताया कि स्टेज पर कई मूव्स और एक्सप्रेशन पूरी तरह इम्प्रोवाइज किए गए, जिससे वीडियो और भी रियल और कनेक्टिंग बन गया।

वीडियो के एक खास पल का जिक्र करते हुए लॉरेन ने बताया कि जब वह स्टेज पर हनी सिंह की ओर बढ़ीं, तो उन्होंने एक खास अंदाज में मुस्कुराकर इशारा किया–मानो कह रही हों कि अब शो शुरू होता है। उस पल हनी सिंह भी चौंक गए, लेकिन उन्होंने तुरंत उसी ऊर्जा के साथ प्रतिक्रिया दी। दोनों के बीच की केमिस्ट्री इतनी नैचुरल थी कि कुछ समय के लिए ऐसा लगा जैसे पूरा कॉन्सर्ट ही उनके लिए रुक गया हो।

इस म्यूजिक वीडियो की कोरियोग्राफी मशहूर कोरियोग्राफर रजित देव ने की थी, जिन्होंने स्टेज मूवमेंट और कैमरा एंगल्स को ध्यान में रखते हुए इसे डिजाइन किया। लॉरेन ने भी अपने इंटरनेशनल अनुभव का इस्तेमाल करते हुए कई क्रिएटिव इनपुट दिए, जिससे वीडियो को एक सिनेमैटिक टच मिला। लॉरेन गॉटलीब ने हनी सिंह की प्रोफेशनलिज्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने उन्हें इंडस्ट्री का ओरिजिनल गेम चेंजर बताते हुए कहा कि वह हर छोटे से छोटे डिटेल पर ध्यान देते हैं और उन्हें पहले से स्पष्ट होता है कि उन्हें स्क्रीन पर क्या दिखाना है। यही वजह है कि इतने कम समय में भी एक हाई-क्वालिटी वीडियो तैयार किया जा सका।

यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इस नई जोड़ी को काफी पसंद कर रहे हैं। खासकर लाइव शूटिंग का यह कॉन्सेप्ट लोगों को काफी नया और रोमांचक लग रहा है। फैंस अब इस जोड़ी को एक बड़े, पूरी तरह प्लान किए गए म्यूजिक वीडियो में देखने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहती हैं और हनी सिंह के साथ काम करने का अनुभव उनके लिए बेहद खास रहा।

वहीं हनी सिंह के फैंस भी उनके इस नए अंदाज को लेकर काफी उत्साहित हैं। लंबे समय बाद लगातार नए प्रोजेक्ट्स के साथ वापसी कर रहे हनी सिंह एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में नजर आ रहे हैं और यह वीडियो उनके कमबैक को और मजबूती देता हुआ दिखाई दे रहा है।

### इस साल होगा आईपीएल का सबसे बड़ा सीजनः 28 मार्च को शुरूआत

# 84 मैच खेले जाएंगे, हर टीम 16 मुकाबले खेलेगी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। यह आईपीएल का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे।

ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**चुनाव की वजह से पूरा शेड्यूल रिलीज नहीं हुआ-** अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें आईपीएल मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं। इसी वजह से 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया।

**कितनी टीमें खेलेंगी-** लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं।

**प्लेऑफ कब से होंगे-** अभी पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है, लेकिन बीसीसीआई ने इतनी जानकारी दे दी है कि फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस हिसाब से 26 मई को पहला क्वालिफायर, 27 मई को एलिमिनेटर और 29 मई को दूसरा क्वालिफायर खेला जा सकता है।

**कितने ग्राउंड्स पर मैच होंगे-** आईपीएल 2026 के मुकाबले इस बार भारत के 13 अलग-अलग शहरों में खेले जाएंगे। 10 टीमों में 7 ने 1-1 होमग्रउंड चुना, वहीं बेंगलुरु, पंजाब और राजस्थान के पास 2-2 होमग्राउंड हैं।

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 13 साल बाद कोई आईपीएल मैच खेला जाएगा। आरसीबी ने इसे अपना सेकेंड होम वेन्यू बनाया है। रायपुर स्टेडियम में आखिरी बार 2013 में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच हुआ था।

**इस बार क्या नया- मैच वाले दिन प्रैक्टिस नहीं:** किसी भी टीम को मैच के दिन नेट प्रैक्टिस करने की परमिशन नहीं होगी। कोई टीम दूसरी टीम के नेट्स का इस्तेमाल नहीं कर सकती। अगर एक टीम जल्दी प्रैक्टिस खत्म कर दे, तो भी दूसरी टीम उस पिच पर नहीं खेल पाएगी।

**यात्रा और सुरक्षा नियमः** खिलाड़ियों को टीम बस से ही सफर करना होगा। परिवार के सदस्यों को केवल हॉस्पिटैलिटी जोन में ही रहने की परमिशन होगी।

**खिलाड़ी और टीम अनुशासनः** सभी स्टाफ मेंबर्स को हर समय अपना आईडी कार्ड साथ रखना होगा। डगआउट और मैदान में बच्चों या बिना परमिशन वाले फैमिली मेंबर्स को लाने की मनाही रहेगी।

**ब्रॉडकास्ट और ड्रेस कोडः** ऑरेंज और पर्पल कैप रखने वाले खिलाड़ियों को मैच के दौरान कैप पहनना ही होगा। अगर फील्डिंग के दौरान कैप उतारने का मन करे तो भी पारी के शुरूआती 2 ओवर कैप पहननी पड़ेगी। पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन के दौरान स्लीवलेस जर्सी नहीं पहन सकेंगे।

**पिछली चैंपियन कौन-** आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु डिफेंडिंग चैंपियन है। आरसीबी ने पिछले सीजन शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था। टीम ने 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया था।

**सबसे महंगे खिलाड़ी-** आईपीएल 2026 के ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ में खरीदा। वहीं भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ियों में प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20-14.20 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया।

### आरसीबी सबसे महंगी आईपीएल टीम

## 16.71 हजार करोड़ में आदित्य बिड़ला टाइम्स ग्रुप समेत 4 कंपनियों ने खरीदा



### राजस्थान रॉयल्स 15 हजार करोड़ में बिकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 1.78 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,706 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के साथ बिक गई है। इसके साथ ही बेंगलुरु आईपीएल की सबसे महंगी टीम बन गई। आरसीबी टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन भी है।

क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, आरसीबी की मेंस और विमेंस टीम को आदित्य बिड़ला ग्रुप, टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन्स परपिचुअल प्राइवेट इक्विटी स्ट्रैटिजी ने मिलकर खरीदा। डील को पूरा करने के लिए बीसीसीआई, कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया और अन्य रेगुलेटरी संस्थाओं की मंजूरी जरूरी होगी। दोनों ही टीमें मौजूदा समय में आईपीएल और डब्ल्यूपीएल की चैंपियन हैं। इससे पहले क्रिकबज ने ही बताया था कि राजस्थान रॉयल्स 1.63 बिलियन डॉलर यानी करीब 15,289 करोड़ रुपए की बोली के साथ बिक गई है। राजस्थान अब दूसरी सबसे महंगी आईपीएल टीम बन गई।

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सोर्स के हवाले से बताया कि भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन काल सोमानी और उनके कॉन्सोर्टियम ने राजस्थान के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई, जिसे मंजूर कर लिया गया। आरसीबी सबसे महंगी टीम बनी। वहीं राजस्थान ने लखनऊ सुपर जायंट्स का रिकॉर्ड तोड़ा था। लखनऊ को संजीव गोयनका के आरपीएसजी ग्रुप ने 2021 में 7,090 करोड़ की भारी बोली लगाकर खरीदा था।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









पीयूष गोयल बोले

## पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्र को एकजुट होना होगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट और बढ़ते कच्चे तेल के दामों के बीच वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने देश से एकजुट होने की अपील की है। निर्यात की चुनौतियों और 9 नए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के फायदों की पूरी जानकारी के लिए यह खबर पढ़ें।

पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए देश को एकजुट होना होगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार यह बात कही। अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए गए संयुक्त हमले ने जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है और वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतों को बढ़ा दिया है।

गोयल ने कहा, ह्युद्ध चल रहा है, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। भारत किसी भी तरह से युद्ध में शामिल नहीं है। लेकिन जब युद्ध चल रहा होता है, तो नुकसान तो होता ही है, मुश्किलें भी आती हैं, हो सकता है कि मालाबार को मध्य पूर्व के देशों में निर्यात करने में कठिनाई हो रही हो। लेकिन यही वह समय है जब राष्ट्र को एकजुट होना होगा। राष्ट्र को मिलकर इस दौर की चुनौतियों का सामना करना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने 38 विकसित देशों को शामिल करने वाले नौ क्षेत्रों के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करते हैं और इस बात पर जोर दिया कि भारतीय उद्योग, किसानों, लघु एवं मध्यम उद्यमों और कारीगरों को गुणवत्ता पर मजबूत ध्यान केंद्रित करके इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मालाबार चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 2026-27 के लिए राष्ट्रीय सीएसआर घोषणा और छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के शुभारंभ को संबोधित कर रहे थे।

### केंद्रीय कैबिनेट ने उड़ान योजना में सुधार, छोटे शहरों के लिए बड़ी 'उड़ान'

# नए एयरपोर्ट और 200 हेलीपैड के लिए सरकार ने खोला खजाना, 28,840 करोड़ रुपये मंजूर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने उड़ान योजना में सुधार,आईवीएफआरटी 3.0 और पेरिस समझौते के तहत एनडीसी के लिए कुल 30,640 करोड़ रुपये के फैसलों को मंजूरी दी है। अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर पर इन फैसलों के असर से जुड़ी रिपोर्ट यहां पढ़ें

भारत सरकार ने देश के विमानन ढांचे, इमिग्रेशन प्रणाली और वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 30,640 करोड़ रुपये के की परियोजनाओं और नीतिगत फैसलों को अपनी मंजूरी दे दी है। इन अहम फैसलों में क्षेत्रीय हवाई यातायात को बढ़ावा देने वाली नई उड़ान योजना और 'आईवीएफआरटी 3.0' के विस्तार के साथ-साथ पेरिस समझौते के तहत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) से जुड़ा एक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय शामिल है।

**उड़ान योजना में बड़ा बदलाव-** कैबिनेट की बैठक में सबसे बड़ा वित्तीय आवंटन विमानन क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए किया गया है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में हवाई संपर्क को और बेहतर बनाने के लिए सरकार ने 'नई उड़ान योजना' को 28,840 करोड़ रुपये की भारी-भरकम मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश भर में 100 नए हवाई अड्डों और 200 हेलीपैड विकसित करने की योजनाओं के साथ क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

**पेरिस समझौते के तहत एनडीसी पर नीतिगत मुहर-** वित्तीय मंजूरियों के अलावा, कैबिनेट ने वैश्विक पर्यावरण से जुड़ा एक प्रमुख नीतिगत फैसला भी लिया है। सरकार ने पेरिस समझौते के तहत भारत के 'नेशनली डिटरमाइंड कंट्रीब्यूशन' को औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह फैसला वैश्विक मंच पर भारत की कार्बन उत्सर्जन कम करने की प्रतिबद्धताओं को स्पष्ट करता है और भविष्य में ग्रीन एनर्जी तथा सतत विकास से जुड़ी कॉर्पोरेट रणनीतियों को एक नई दिशा देगा।

### इमिग्रेशन और वीजा सिस्टम का होगा आधुनिकीकरण

- कैबिनेट ने विदेशियों के भारत आने, उनके वीजा और रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने 'इमिग्रेशन, वीजा, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन एंड ट्रैकिंग' (आईवीएफआरटी 3.0) योजना को अगले पांच वर्षों यानी 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है, इसके लिए 1,800 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।
- आम लोगों और यात्रियों के नजरिए से इसका सीधा मतलब यह है कि अब इमिग्रेशन और वीजा सेवाएं पूरी तरह से हाई-टेक और सुरक्षित नेटवर्क से जुड़ी रहेंगी, जिससे सही विदेशी यात्रियों को भारत आने में कोई परेशानी नहीं होगी और साथ ही देश की राष्ट्रीय सुरक्षा भी पहले से ज्यादा मजबूत होगी।

महादेव एप केस में ईडी एक्शन

## बुर्ज खलीफा के फ्लैट्स सहित 1700 करोड़ की संपत्ति अटैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महादेव ऐप मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने बुर्ज खलीफा के फ्लैट्स सहित 1,700 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को महादेव एप मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने धनशोधन से जुड़े इस मामले में लगभग 1,700 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। यह कार्रवाई दुनिया की सबसे ऊंची इमारत दुबई के बुर्ज खलीफा (829.8 मीटर) में स्थित अपार्टमेंट में भी की गई है। यह हाई-प्रोफाइल मामला अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़ा है। इस जांच के दायरे में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेता और नौकरशाह भी हैं।

**ईडी ने क्या कार्रवाई की थी-** धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी के रायपुर जोनल ऑफिस ने यह अस्थायी आदेश जारी किया है। इसके तहत दुबई हिल्स एस्टेट (हिल्स व्यू, फेयरवे रेजिडेंसी और सिद्रा) में 18 'हाई-वैल्यू' लग्जरी विला और अपार्टमेंट्स को अटैच किया गया है। इसके अलावा दुबई के बिजनेस बे, एसएलएस होटल एंड रेजिडेंसेस और बुर्ज खलीफा में कई 'हाई-एंड' अपार्टमेंट्स भी इस जब्ती का हिस्सा हैं। अंतरराष्ट्रीय संपत्तियों के साथ-साथ दिल्ली में स्थित दो अचल संपत्तियों को भी अटैच किया गया है। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई इन सभी संपत्तियों का उचित बाजार मूल्य लगभग 1,700 करोड़ रुपये है।

**कैसे चलाया जा रहा था सट्टेबाजी का नेटवर्क-** जांच एजेंसी ने साफ किया है कि ये संपत्तियां महादेव ऑनलाइन बुक और टाइगर एक्सचेंज, गोल्ड365 व लेजर247 जैसे कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के जरिए किए गए अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के पैसे से खरीदी गई थीं। महादेव एप एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाजी सिंडिकेट के रूप में काम कर रहा था। इस सिंडिकेट को मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई से नियंत्रित करते थे, जबकि भारत में इसका पूरा नेटवर्क पैनल और ब्रांच के फ्रैंचाइजी मॉडल पर चल रहा था।

### जानिए क्यों मशीन नहीं समझ सकती आपके पैसे और भविष्य की जरूरतें

# एआई के भरोसे निवेश कितना सही?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

निवेश की दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का शोर है। लोग मशीन से पूछकर पैसा लगा रहे हैं, लेकिन क्या यह सही है? दुनिया बदल गई है। मशीनी दिमाग यानी अकका जमाना है, जो पलक झपकते ही दुनिया भर के आंकड़े खंगाल देता है। लोग अब अपनी जीवन भर की जमापूंजी यानी म्यूचुअल फंड निवेश के लिए भी इन्हीं मशीनों से सलाह ले रहे हैं। देखने में लुभावना लगता है, एक ऐसा सहायक जो 24 घंटे हाजिर है, जिसे बाजार के हर उतार-चढ़ाव की खबर है और जो मुफ्त में सलाह दे रहा है।

सवाल है क्या यह मशीनी दिमाग आपके सपनों और आपकी जरूरतों को समझ सकता है? सीधा जवाब है, बिल्कुल नहीं!

मशीन क्यों नहीं बन सकती आपकी मार्गदर्शक? एक ऐसा आहार विशेषज्ञ जो सेहत, बीमारियों या आपकी पसंद-नापसंद के बारे में पूछे बिना ही एक जैसा पर्चा थमा दे। क्या वह आपकी सेहत सुधार पाएगा? निवेश भी बिल्कुल



वैसा ही है। हर इन्सान की जरूरत, उम्र और पारिवारिक जिम्मेदारी अलग होती है। मशीनी सलाहकारों के साथ सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वे 'एक ही लाठी से सबको हांकते' हैं।

- **मशीनी पक्षपात का खतरा-** आर्टिफिशियल मशीन वैसी ही सलाह देगी जैसा उसे सिखाया गया है। अगर उसे सिखाने वाले आंकड़ों में कोई कमी रह गई, तो उसकी सलाह भी पक्षपाती हो सकती है। वह किसी खास तरह की स्कीम की तरफ झुकी हो सकती है, जो शायद आपके लिए सही न हो।
- **सलाहकार का सही चुनाव जरूरी-** यह जरूरी नहीं है कि हर इन्सान सही सलाह दे। बाजार में ऐसे भी लोग हैं, जो सिर्फ अपना कमीशन बनाने के लिए गलत फंड बेच देते हैं। इसलिए, यह बहुत जरूरी है कि आप केवल सेबी पंजीकृत निवेश सलाहकारों के पास ही जाएं। ये वे लोग हैं जो सरकार के कड़े नियमों और पारदर्शिता के दायरे में रहकर काम करते हैं। इनका उद्देश्य उत्पाद बेचना नहीं, बल्कि आपके लक्ष्यों को पूरा करना होता है।
- **एआई को बनाएं अपना 'को-पायलट'-** मशीनी दिमाग यानी अकआपके ज्ञान को बढ़ाने, जानकारी जुटाने और तुलना करने के लिए एक बेहतरीन औजार हो सकता है। इसे एक 'को-पायलट' की तरह इस्तेमाल कीजिए, लेकिन अपनी गाड़ी की स्टीयरिंग इसके हाथ में मत दीजिए।

**व्यक्तिगत जानकारी का अभाव-** मशीन पुराने आंकड़ों और रुझानों का विश्लेषण करती है। मशीन यह नहीं जानती कि आपके पास निवेश के लिए कितना समय है या कितना घाटा सह सकते हैं। एक अच्छा सलाहकार आपसे बात करता है, आपके भविष्य के लक्ष्यों को समझता है और फिर आपके लिए एक विशेष योजना तैयार करता है।

**संवेदना और समझ की कमी-** जब बाजार गिरता है और पोर्टफोलियो लाल निशान में होता है, तो अच्छे-अच्छों के पसीने छूट जाते हैं। उस वक्त एक मशीनी चैटबॉट आपको वह ढांढस नहीं बंधा सकता जो एक इन्सान दे सकता है। बाजार की गिरावट में जब आप घबराकर अपना निवेश बेचने की सोचेंगे, तब एक सलाहकार ही आपको सही और गलत का फर्क समझा कर अनुशासन में रख पाएगा।

**पुराने आंकड़ों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा-** मशीनी दिमाग पूरी तरह से इतिहास पर निर्भर है। बाजार में कल क्या होगा, यह हमेशा बीते हुए कल जैसा नहीं होता। अचानक आए वैश्विक बदलाव, युद्ध या नई सरकारी नीतियां मशीनों के गणित को फेल कर सकती हैं। एक अनुभवी इन्सान इन बदलावों को भांप सकता है और तुरंत अपनी रणनीति बदल सकता है।

केंद्र सरकार का बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन


## पश्चिम एशिया संकट के बीच 4.26 लाख भारतीयों की वतन वापसी


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार 28 फरवरी 2026 से अब तक कुल 4.26 लाख यात्री विभिन्न माध्यमों से भारत लौट चुके हैं। यह संख्या न केवल संकट की गंभीरता को दर्शाती है, बल्कि सरकार द्वारा किए गए व्यापक और त्वरित प्रयासों को भी उजागर करती है।

विदेश मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत विशेष रूप से उन भारतीयों को प्राथमिकता दी गई जो युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे हुए थे। मंत्रालय के मुताबिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास की सक्रिय भूमिका के चलते 1,043 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिनमें 717 छात्र शामिल हैं। ये छात्र विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे थे और अचानक बिगड़े हालात के कारण वहां फंस गए थे।

पश्चिम एशिया में हाल के दिनों में बढ़ते संघर्ष, हवाई हमलों और अस्थिर सुरक्षा स्थिति ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तेल आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका असर पड़ा है। ऐसे में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों ने स्वदेश लौटने का निर्णय लिया। सरकार ने उनकी सहायता के लिए हवाई सेवाओं, दूतावासों और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि वापसी अभियान को चरणबद्ध तरीके से संचालित किया गया। एयरलाइंस कंपनियों के साथ मिलकर अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की गई, वहीं जरूरतमंदों को आपातकालीन यात्रा दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए। जिन इलाकों में सीधी उड़ानें संभव नहीं थीं, वहां वैकल्पिक मार्गों के जरिए लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और फिर भारत लाया गया। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अभी भी कुछ भारतीय नागरिक पश्चिम एशिया के विभिन्न हिस्सों में मौजूद हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।


जीवेत शरदः शतम्
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय
डॉ. मोहन यादव जी
के जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
जय
श्री
एक शुभेच्छु
B


मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय
डॉ. मोहन यादव जी
के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवेत शरदः शतम्
DA


जीवेत शरदः शतम्
लोकप्रिय जननायक, उज्जैन के गौरव
मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
बधाईकर्ता: दीपक जायसवाल मित्र मंडल, उज्जैन
दीपक जायसवाल


श्री नारायण यादव (दादा)
समाजसेवी
श्री अभय यादव
पुवा तरूणाई
जीवेत शरदः शतम्
विकास के लिए कृत संकल्पित मध्यप्रदेश के यशस्वी व तेजस्वी मुख्यमंत्री
डॉ.मोहन जी यादव को जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं...
माननीय मुख्यमंत्री जी, आप हैं उज्जैन शहर की शान, आपके कुशल नेतृत्व से बढ़ता है म.प्र. का मान,
सेवा, समर्पण और कर्मठता ही आपकी है पहचान, हर दिल में बसता है आपके लिए भरपूर सम्मान,
आपके कार्यों में झलकती दूरदृष्टि महान, आपके निर्णयों से ही सशक्त हुआ हमारा उज्जैन,
विकास की राह पर आपने जो कदम बढ़ाए, जन जन के जीवन में खुशियों के रंग लाए,
जन सेवा की यह ज्योति सदा जलती रहे, आपकी कीर्ति हर दिशा में फैलती रहे,
ईश्वर से करते हैं प्रार्थना बार - बार, आपको मिले सफलता, यश और स्नेह अपार...
NAVODAYA
VINAYAK GROUP
नवोदय विनायक ग्रुप परिवार, उज्जैन

■ वर्ष-12 अंक-141 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 26 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

अक्रोधेन जयेत् क्रोध मसाधुं साधुना जयेत्।
जयेत् कदर्यं दानेन जयेत् सत्येन चानृतम्।।

**भावार्थ :** क्रोध को त्याग कर ही क्रोध पर विजय प्राप्त की जा सकती है, ज्ञानी बन कर ही बुराई से परास्त किया जा सकता है, दान से दयनीय प्रवृत्ति पर विजय प्राप्त की जा सकती है, सत्य से ही झूठ पर विजय पाई जा सकती है।

अक्रोधेन जयेत् क्रोधमसाधुं साधुना जयेत्।
जयेत् कदर्यं दानेन जयेत् सत्येन चानृतम्।।

**भावार्थ :** क्रोध पर तभी विजय पाई जा सकती है जब आप क्रोधित न हों और अच्छे स्वभाव और अच्छे व्यवहार से ही बुराई पर विजय प्राप्त होती है। दान देने से ही लोभ की प्रवृत्ति पर विजय पाई जा सकती है, और सत्य झूठ की प्रवृत्ति पर विजय प्राप्त करता है।

## मोदीमन्त्रिमण्डलस्य प्रमुखनिर्णयाः १०० नवीनविमानस्थानकनिर्माणस्य

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी अध्यक्षतायां केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलस्य सत्रे अनेके प्रमुखाः निर्णयाः कृताः। देशे सर्वत्र १०० नूतनानां विमानस्थानकानाम् निमार्णार्थं अनुमोदनं प्राप्तम् अस्ति। तदतिरिक्तं यूडीएएन २.० योजनायाः अनुमोदनं प्राप्तम् अस्ति। यात्रायाः सुगमता वर्धयितुं डिजिटलप्रक्रियायां ३२ नवीनाः उपक्रमाः समाविष्टाः सन्ति। अस्याः योजनायाः अन्तर्गतं कुलम् २८,८४० कोटिरूप्यकाणां व्ययः निर्धारितः अस्ति। १०० नूतनविमानस्थानकानाम् विषये एकस्य विमानस्थानकस्य निमार्णार्थं अनुमानितव्ययः प्रायः १०० कोटिरूप्यकाणि भवति। अस्य सम्पूर्णस्य परियोजनायाः कृते सर्वकारेण विशिष्टं बजटं विनियोजितम् अस्ति, यस्य राशिः प्रायः 12,159 कोटिरूप्यकाणि अस्ति।


## सम्पादकीयम्

### व्यवधानं न युक्तम्

व्यवधानं न युक्तम्। संविधानं परम्परा च राज्यमन्त्रिमण्डलेन अनुमोदितं भाषणं अवश्यं दातव्यमिति आज्ञापयति। एतत् भाषणं राज्यपालस्य व्यक्तिगतं मतं न अपितु निर्वाचितसर्वकारस्य नीतीनां आधिकारिकदस्तावेजम् अस्ति। संविधानानुसारं राज्यपालः मन्त्रिमण्डलस्य सल्लाहेन कार्यं करोति। सः सम्बोधनद्वारा स्वस्य व्यक्तिगतं मतं असहमतिं वा प्रकटयितुं न शक्नोति। कार्यालयस्य गौरवम्। देशस्य संघीयव्यवस्थायां राज्यपालस्य स्थितिः संवैधानिकशिष्टाचारेण बाध्यते। सः संविधानस्य रक्षकत्वेन कार्यं करिष्यति, तस्य किमपि कार्यं राजनैतिकं न भविष्यति इति अपेक्षितम्। सम्बोधने प्रथमवारं आक्षेपाः न उत्थापिताः। परन्तु कार्यालयस्य गौरवं तस्मिन् समये राज्यपालेन स्वकर्तव्यं कर्तव्यम् इति निर्दिशति। सदने स्थित्वा सम्बोधनं पठितुं नकारयित्वा राज्यपालस्य भूमिकायाः राजनीतिकरणं भवति। संतुलनस्य आवश्यकता वर्तते। एतयोः घटनायोः पृथक पृथक द्रष्टुं न शक्यते। ननु येषु राज्येषु विपक्षदलानां सत्ता वर्तते तेषु राज्यपालेन सह सङ्घर्षः सामान्यः अभवत्। तमिलनाडुराज्यपालः पूर्वं सम्बोधनं पूर्णतया न पठित्वा विधानसभां त्यक्तवान्, केरलदेशे तु दीर्घकालं यावत् लम्बितस्य विधेयकस्य विषयः प्रचलति। गतवर्षे सर्वोच्चन्यायालयेन महत्त्वपूर्णनिर्णये उक्तं यत् राष्ट्रपतिः राज्यपालः वा विधेयकानाम् अनुमोदनार्थं न्यायिकसमयसीमां निर्धारयितुं न शक्नोति। सः निर्णयः शक्तिसन्तुलनं प्रतिबिम्बयति।

### मैसूरनगरे एकस्य नकलीवैद्यस्य अन्धकारमयसत्यम्:

## पत्नीयाः आरोपानाम् अनन्तरं हत्यायाः शोषणस्य च सनसनीभूताः प्रकाशनाः





ब्रह्मास्त्र ›› म्यसूरु

कर्नाटकस्य मैसूरुतः एकः गहनः आश्चर्यजनकः प्रकरणः उद्भूतः, यः चिकित्साभ्रातृसङ्घस्य, समाजस्य च माध्यमेन आघाततरङ्गं प्रेषयति। आयुर्वेदिकवैद्यः इति दावान् कुर्वन् विनयः नामकः पुरुषः अनेकेषां गम्भीराणां आरोपानाम् सामनां करोति-यत्र शोषणार्थं, धोखाधड़ीयां, आत्महत्यायाः प्रेरणायै, हत्यायाः अपि कृते रोमान्टिकजालेषु स्त्रियः फसयितुं अस्य घोटालस्य पूर्णविस्तारः तस्य पत्न्या तस्य विरुद्धं यौन-उत्पीडनस्य, शारीरिक-दुर्व्यवहारस्य च आरोपं कृत्वा औपचारिकशिकायतां दत्तस्य अनन्तरं एव प्रकाशितम्।

समाचारानुसारं आरोपी मैसूरुनगरस्य हुनसुरतालुकस्य हनागोडुक्षेत्रे एकं चिकित्सालयं संचालयति स्म, यत्र सः योग्यः आयुर्वेदचिकित्सकः इति प्रस्तुत्य जनविश्वासं संवर्धयति स्म परन्तु तस्य अतीतसम्बद्धाः सनसनीभूताः विवरणाः अधुना उपरि आगच्छन्ति, येन तस्य यथार्थपरिचयः अपराधस्वभावः च उद्घाटितः अस्ति। स्थानीयनिवासिनः, पीडितानां परिवाराः च एकीकृत्य अभियुक्तानां विरुद्धं कठोरदण्डात्मककार्याणां आग्रहं कृतवन्तः।

अस्य प्रकरणस्य मूलं प्रायः १२ वर्षाणि यावत प्रसृतं इति कथ्यते, यदा सः नागश्रीनाम्ना महिलावैद्येन सह रोमान्टिकरूपेण सम्बद्धः अभवत् विनयः विवाहस्य मिथ्या बहानेन तां रोमान्टिकजाले प्रलोभितवान्, केवलं पश्चात् प्रतिज्ञां त्यक्तवान् इति आरोपः अस्ति। तदनन्तरं यत् मञ्चित आत्महत्यायाः प्रयासः इति कथ्यते तस्मिन् सः तां श्रीरङ्गपट्टे एकं लॉजं नीत्वा निद्रागुल्यः प्रदत्तवान्, ततः घातकं अतिमात्रायां इन्जेक्शनं कृतवान् एतस्य घटनायाः अनन्तरं सा महिला कोमायां स्खलितवती; १२ वर्षाणि यावत स्वजीवनस्य कृते युद्धं कृत्वा सा अद्यैव स्वर्गं गता।

पृथक किन्तु सम्बन्धितप्रकरणे अभियुक्तस्य गौतमी हिरेमथनामकेन चार्टर्ड् एकाउण्टेण्ट् इत्यनेन सह सम्बन्धः अपि आसीत् इति आरोपः अस्ति। सामाजिकमाध्यमेन तौ मिलितवन्तौ इति कथ्यते, किञ्चित्कालं यावत् सम्बन्धे स्थित्वा सा युवती आत्महत्याम् अकरोत्। पीडितायाः परिवारजनैः विनयस्य विरुद्धं गम्भीराः आरोपाः कृताः आसन्; तथापि तस्मिन् समये अभियुक्तस्य विरुद्धं ठोसकार्याणि कर्तुं न शक्यन्ते स्म।

तृतीये प्रसङ्गे अभियुक्तः विनोदा नामिकां युवतीं विवाहितवान्, परन्तु विवाहात् केवलं १५ दिवसेषु एव सः तां दहेजार्थं उपद्रवं कर्तुं आरब्धवान् आरोपः अस्ति यत् सः युवतीयाः परिवारे भूमिस्वामित्वं स्वनाम्नि स्थानान्तरयितुं दबावं कृतवान्। यदा सा न अस्वीकृतवती तदा सः तां शारीरिकप्रहारं मानसिकं उत्पीडनं च कृतवान्।

### रेलवे पदोन्नतिनियमानां

## पुनर्निमार्णं कृतवान्: एकया परीक्षायाः निर्णयः

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

देशे सर्वत्र रेलवेकर्मचारिणां कृते एकः प्रमुखः परिवर्तनः उद्भूतः अस्ति-मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य कर्मचारिणां कृते अपि-येन विभागीयपदोन्नतिप्रक्रियायाः सम्पूर्णा प्रक्रिया पूर्णतया पुनः परिभाषिता अस्ति। रेलवेमण्डलेन जारीकृतानां नूतनानां मार्गदर्शिकानां अनुसारं सामान्यविभागीयप्रतियोगितपरीक्षायाः (जीडीसीई) प्रतिरूपस्य पूर्णतया परिष्कारः कृतः, एतत् कदमः कर्मचारिणां मध्ये हलचलं जनयति।

नूतननियमानाम् अन्तर्गतं इदानीं पदोन्नतिः एकचरणीयसङ्गणकाधारितपरीक्षायाः द्वारा निर्धारितः भविष्यति, यत् पूर्वबहुस्तरीयप्रक्रियायाः महत्त्वपूर्णं विचलनम् अस्ति एतत् परिवर्तनं समूह सी पदेषु पदोन्नतिं इच्छन्तीनां कर्मचारिणां, यथा तकनीकिजनाः, कनिष्ठ-इञ्जिनीयराः, पैरामेडिकल-कर्मचारिणः च प्रत्यक्षतया प्रभावितं करिष्यति यद्यपि पूर्वबहुचरणपरीक्षास्वरूपे विभिन्नचरणयोः सुधारस्य अवसराः प्राप्यन्ते स्म, तथापि अस्मिन् एकस्मिन् परीक्षायां प्राप्ताः अंकाः अधुना अन्तिममेरिट्सूचिकायाः एकमात्रः आधाररूपेण कार्यं करिष्यन्ति।

रेलवे बोर्डस्य उपनिदेशकेन अजयगोयलेन निर्गतनिदेर्शेषु स्पष्टं भवति यत अस्याः परीक्षायाः कठिनतास्तरः अधुना रेलवेभर्तीमण्डलेन (आरआरबी) संचालितप्रत्यक्षभर्तीपरीक्षायाः द्वितीयचरणस्य विरुद्धः भविष्यति। अस्य तात्पर्यं यत् विभागीयकर्मचारिभ्यः इदानीं राष्ट्रियस्तरीयप्रतियोगितपरीक्षासदृशी कठोरपरीक्षायाः सामना कर्तव्यः भविष्यति।

## राशिफल

**मेष :** आज के दिन धन का आवक बढ़ेगा, अपनों में वृद्धि होगी। सुपाच्य भोजन और सुस्वादु भोजन मिलेगा।

**वृषभ :** आज के दिन आपमें एक अलग तरह का आकर्षण रहेगा। आपमें सुंदरता वाली बात आएगी।

**मिथुन :** आज के दिन आपका समय शुभ कार्यों में खर्च होगा। मन थोड़ा परेशान रह सकता है और अज्ञात भय सताएगा।

**कर्क :** आज के दिन आय के नए-नए मार्ग बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम और संतान की स्थिति में भी सुधार होगा।

**सिंह :** आज के दिन कोर्ट-कचहरी के मामलों में विजय प्राप्त होगी। पिता का भरपूर साथ मिलेगा।

**कन्या :** आज के दिन भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम और संतान की स्थिति बहुत अच्छी है।

**तुला :** आज के दिन समय थोड़ा प्रतिकूल है, इसलिए बचकर पार करें। किसी भी तरह का जोखिम न लें।

**वृश्चिक :** आज के दिन जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है।

**धनु :** आज के दिन आपके स्वास्थ्य में थोड़ा उतार-चढ़ाव रह सकता है। प्रेम और संतान की स्थिति मध्यम बनी रहेगी।

**मकर :** आज के दिन विद्यार्थियों, लेखकों, कवियों, कलाकारों और फिल्मकारों के लिए यह समय बहुत ही शुभ रहने वाला है।

**कुंभ :** आज के दिन भूमि, भवन या वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य में पहले से सुधार होगा।


**मीन :** आपका पराक्रम रंग लाएगा, जिससे आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने काम और रोजगार में तरक्की करेंगे।

### ज्योतिष/वास्तु

# 29 मार्च को केतु करेंगे नक्षत्र परिवर्तन, इन राशियों को मिलेगा धनलाभ और सफलता

केतु को एक रहस्यमयी और आध्यात्मिक ग्रह माना जाता है। यह अचानक होने वाले बदलावों, कर्मों के परिणामों और आंतरिक विकास का कारक है। इसलिए, इसके प्रभाव कभी-कभी अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। 29 मार्च को होने वाला यह गोचर कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव, नए अवसर और उन्नति के मार्ग खोल सकता है।

ज्योतिष के अनुसार, 29 मार्च 2026 का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन, छाया ग्रह केतु अपने ही नक्षत्र 'मघा' में प्रवेश कर रहा है। वैदिक ज्योतिष की मान्यताओं के अनुसार, जब कोई ग्रह अपने ही नक्षत्र में गोचर करता है, तो उसका प्रभाव बहुत बढ़ जाता है और उसके असर मानव जीवन में गहराई से दिखाई देते हैं। इसलिए, केतु का यह गोचर भी विशेष परिणाम देने वाला साबित हो सकता है।



केतु को एक रहस्यमयी और आध्यात्मिक ग्रह माना जाता है। यह अचानक होने वाले बदलावों, कर्मों के परिणामों और आंतरिक विकास का कारक है। इसलिए, इसके प्रभाव कभी-कभी अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। 29 मार्च को होने वाला यह गोचर कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव, नए अवसर और उन्नति के मार्ग खोल सकता है। इसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है, लेकिन यह काल कुछ विशेष राशियों के लिए अत्यंत शुभ है, क्योंकि उन्हें करियर में सफलता, आर्थिक लाभ और नई शुरूआत के अच्छे अवसर मिलने की प्रबल संभावना है।

**मेष राशि-** केतु का नक्षत्र गोचर मेष राशि के जातकों के लिए उन्नति का काल हो सकता है। व्यापार में अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। यदि आप निवेश करने का विचार कर रहे हैं, तो यह अनुकूल समय है। इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद मिलेगी। आपके रुके हुए प्रोजेक्ट धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे और आपके करियर में नए अवसर सामने आ सकते हैं।

**सिंह राशि-** ज्योतिष के अनुसार यह गोचर सिंह राशि वालों के लिए समृद्धि का संकेत देता है। पुराने निवेशों से लाभ होने की संभावना है। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। विदेश यात्रा करने या वहां करियर बनाने का आपका सपना सच हो सकता है। परिवार में भी सुखद माहौल रहेगा। आप अपने कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

**धनु राशि -** यह समय धनु राशि वालों के लिए नई सफलताएं लेकर आ सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में अधिक जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने की संभावना है। आपको कोई बड़ी व्यावसायिक डील मिलने की उम्मीद है। आपको विदेश यात्रा के अवसर भी मिल सकते हैं। आध्यात्मिकता और धर्म में बढ़ती रुचि आपके मन को शांति प्रदान करेगी।

## खबर एक नजर...

### खुद को दादा बताकर बदमाशों ने मांगे 50 हजार

उज्जैन। जयसिंहपुरा मार्ग हरिफाटक ब्रिज के नीचे होटल पर काम करने वाले अमन पिता बहादुरसिंह आंजना निवासी ब्रजराजखेड़ी का मंगलवार-बुधवार रात बुलेट से घर लौटते समय हरिफाटक ब्रिज के नीचे बदमाशों ने रास्ता रोक लिया और बोला कि हम क्षेत्र के दादा है यहां से बुलेट निकालना है तो 50 हजार रुपए देना होगे। अमन ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए बुलेट में तोड़फोड़ कर दी, यही नहीं जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अमन ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत महाकाल थाने पहुंचकर दर्ज कराई और बताया कि मारपीट करने वाले अदनान निवासी बेगमबाग, राम उर्फ रामू नीलगंगा, कार्तिक और अन्य थे। एएसआई शंकरलाल कनोजे ने बताया कि अमन की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर राम उर्फ रामू को हिरासत में लिया गया है। अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पानी की टंकी के नीचे युवक बेच रहा था शराब

उज्जैन। धार्मिक नगरी में शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद से अवैध शराब परिवहन और बेचने की गतिविधियां काफी बढ़ गई है। मंगलवार रात भेरूगढ़ थाना पुलिस को खबर मिली कि पानी की टंकी के नीचे एक युवक अवैध तरीके से देशी शराब बेच रहा है। एसआई महेंद्रसिंह सेंधव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया, जिसके पास से 61 क्वार्टर शराब के बरामद हो गए। पूछताछ में युवक का नाम अशोक पिता प्रेमचंद मालवीय निवासी रामगढ़ फंटा सामने आया। युवक के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है। जप्त शराब 6 हजार से अधिक कीमत की होना बताई गई है। अवैध शराब के एक अन्य मामले में इंगोरिया पुलिस ने भी कार्रवाई की और ग्राम ऊंटवास स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से तूफान पिता मांगीलाल मकवाना को गिरफ्तार कर 1120 रुपये कीमत की देशी शराब बरामद की।

### दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की 4 दिन बाद मौत

उज्जैन। ग्राम पान बड़ोदिया का रहने वाला उमराव पिता कालू पंवार 63 वर्ष टीवीएस गाड़ी से उज्जैन आया था जिसे 20 मार्च की शाम अरविंद नगर मार्ग जैन मंदिर के सामने अज्ञात कार ने टक्कर मार दी थी। बुजुर्ग उमराव गंभीर घायल हुआ था जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया था। परिवार जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंचा था। चार दिनों से उमराव का उपचार चल रहा था, मंगलवार-बुधवार रात बुजुर्ग की मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 478-9 |
| मेन बाजार | 577-9 | 167-4 |
| मिलन डे | 159-5 | 158-4 |
| मिलन नाइट | 146-1 | 137-1 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 7 | 8 |


### आटो चालक भी गमछे के फंदे से लटका मिला

# कमरे का दरवाजा बंद कर युवक ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार रात 2 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक की मां से कहासुनी हुई थी, दूसरे का पत्नी से विवाद होना सामने आया है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

जीवाजीगंज थाना प्रधान आरक्षक प्रवीण जाट ने बताया कि रात में ब्राह्मण गली अवंतिपुरा क्षेत्र में रहने वाले जतीन पिता शंकर बैस 22 साल द्वारा कमरा बंद कर फांसी लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा गया। जांच के दौरान सामने आया कि सबसे पहले घटना का



पता मां रेखा बैस को चला। उन्होने बताया कि रात में नशा कर घर लौटा था, खाना खाने की बात पर विवाद करने के बाद कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया था। कुछ देर बाद खाना लेकर पहुंची तो दरवाजा नहीं खोला, खिड़की से देखने पर पंखे से लटका नजर आया। प्रधान आरक्षक के अनुसार मामले में मर्ग कायम पोस्टमार्टम कराया गया है।

बताया जा रहा था कि मृतक जतीन चरक अस्पताल में काम करता था, लेकिन पिछले 6 माह से ड्युटी पर नहीं जा रहा था। उसके पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। वह मां और छोटे भाई केसाथ रहता था। घटनास्थल से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

### पिता को अस्पताल लेकर पहुंचा था पुत्र

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के ज्ञान टेकरी पर रहने वाले राजेश पिता रामनारायण शर्मा 40 साल ने रात को पत्नी से विवाद होने के बाद गमछे का फंदा बनाकर गले में डाल लिया था। पुत्र रौनक ने देखा तो नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा, राजेश की सांसे चल रही थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। एएसआई यशवंत कछावय ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि राजेश आटो चलता था और 2 बच्चों का पिता था। रात में शराब पीकर आने पर पत्नी से विवाद हुआ था।

### 55 साल के वृद्ध ने खाया जहरीला पदार्थ

बुधवार को खाराकुआं थाना क्षेत्र के पानदरीबा क्षेत्र के गणेश मंदिर लोटि स्कूल के पास रहने वाले सचिन पिता विष्णुनारायण तिवारी 55 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन हालत बिगड़ती देख चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया लेकिन कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद के चलते मौत को गले लगाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

## आशुमेतरानी माता मंदिर के पास मिली युवक की लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आशुमेतरानी माता मंदिर के पास बुधवार शाम एक युवक लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। युवक के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो चुके।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि शाम को कुछ लोगों ने जूना सोमवारिया रिंगरोड पर आशुमेतरानी माता मंदिर के पास एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के लोगों ने युवक को पहचानने से इंकार कर दिया। पुलिस ने उसके कपड़ों की तलाशी ली तो जेब से जहरीले पदार्थ की शीशी बरामद हुई। उसके पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं था जिससे उसकी पहचान की जा सके। हाथ पर सिर्फ बीके गुदा मिला है। फिलहाल शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रख मर्ग कायम किया गया है। मामला आत्महत्या का सामने आया है। परिजनों का पता चलने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### शांतिनगर में चाकूबाजी, 2 घायल

**उज्जैन।** रात 10 बजे चाकूबाजी में घायल 2 युवकों को उनके परिचत चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। दोनों को चाकू के गहरे घाव लगे थे, लेकिन हालत खतरे से बाहर थी। बताया जा रहा है कि राजेन्द्र नगर में रहने वाले विशाल पिता अरविंदसिंह राठौर 29 साल और सचिन पिता ओमप्रकाश बारोड़ 28 साल निवासी जेलियाखेड़ी राघवी को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया है। दोनों पर को चाकू से हमला होना बताया गया। दोनों घायलों को अस्पताल लाने वालों ने बताया कि शांतिनगर में कुछ युवकों से विवाद होने पर चाकू मारे गये है। मामला पुलिस विवेचना से जुड़ा होने पर ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार घायलों के बयान दर्ज होने पर ही उनके साथ हुई घटना और चाकू मारने वालों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### खाना मांगने पर पुत्र-बहू ने डंडे से की मारपीट

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम नैनावद स्थित इंदिरा कॉलोनी में रहने वाले 60 वर्षीय राधेश्याम पिता पर्वत सिंह ने बहू पूजा और पुत्र ओमप्रकाश से खाना देने के लिए कहा तो बहू और पुत्र ने अपशब्द का प्रयोग करते हुए डंडे से बुजुर्ग राधेश्याम के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिस बेटे को पिता ने बड़ा कर सब कुछ दिया उसके द्वारा की गई मारपीट से दुखी पिता ने मामले की शिकायत तराना थाने पहुंचकर की। पुलिस ने घायल राधेश्याम का मेडिकल परीक्षण कराकर पुत्र और बहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक चालक ने युवक को मारा चाकू

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के बजाज शोरूम के सामने संजीव पिता रमेशचंद्र सोनी निवासी ओरापार्क को बाइक क्रमांक एमपी 13 ईडब्ल्यू 9984 के चालक ने चाकू मारकर घायल कर दिया। संजीव की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। संजीव के अनुसार उक्त बाइक चालक को बाइक साइड में करने के

## सोने की ईंट का झांसा देकर 5 लाख ठगेः झाबुआ में आरोपी दंपत्ति गिरफ्तार, उज्जैन पुलिस ने पूरी रकम बरामद की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के माधवनगर थाना क्षेत्र में सस्ते दाम पर सोने की ईंट देने का लालच देकर 5 लाख की ठगी करने वाले दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी गई पूरी रकम भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, फरियादिया ने 24 मार्च 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि झाबुआ निवासी कालू भाबोर और उसकी पत्नी साबर बाई से उसकी पहचान एक होटल पर हुई थी। दंपत्ति ने विश्वास में लेकर उसे -5 लाख में सोने की ईंट देने का लालच दिया, जिसकी बाजार कीमत -50-60 लाख बताई गई थी।

फरियादिया ने विश्वास में आकर -5 लाख का भुगतान कर ईंट खरीद ली। हालांकि, जब उसने सुनार से उसकी जांच करवाई, तो वह नकली निकली। इसके बाद आरोपी दंपत्ति संपर्क से बाहर हो गए।

### मुखबिर की सूचना पर आरोपी पकड़ाए

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश भारती के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने झाबुआ जिले में दबिश देकर 25 मार्च 2026 को दोनों आरोपियों कालू भाबोर (50 वर्ष) और साबर बाई (45 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से ठगी गई पूरी -5 लाख नगद राशि भी बरामद कर ली है। फिलहाल आरोपियों से और पूछताछ जारी है। पुलिस इस मामले में अन्य संभावित लोगों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

# उज्जैन कलेक्टर एक्शन में, एक साथ 56 पर कार्रवाई कर्मचारी ऑफिस में अनुपस्थित मिले, वेतन काटने के आदेश दिए...



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। दो हफ्ते पहले अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों और सुरक्षा एजेंसी पर सख्त कार्रवाई के बाद बुधवार को कलेक्टर ने प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित कलेक्टर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 56 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर ने सभी का आधे दिवस का वेतन काटने के आदेश जारी किए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एडीएम कार्यालय, अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय, लोकसेवा प्रबंधन और नाजिर शाखा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई रखने और समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कर्मचारियों की अपने समक्ष उपस्थिति दर्ज करवाई और देर से आने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### इन 56 कर्मचारियों का आधे दिवस का वेतन काटा गया

सूर्य प्रकाश सोनी - प्रभारी अधीक्षक
ईश्वरलाल शर्मा - सहायक ग्रेड-2
राजेश वर्मा - सहायक ग्रेड-2
निलेश मिमरोट - स्टेनो टाइपिस्ट
कुसुम पांडे - सहायक ग्रेड-3
राधा सुरतानिया - सहायक ग्रेड-3
आशीष शाह - सहायक ग्रेड-3
प्रतीक यादव - सहायक ग्रेड-3
रेखा राठौर - सहायक ग्रेड-3
रुपाली नागर - सहायक ग्रेड-3
गरिमा जोशी - सहायक ग्रेड-3
रूद्रेश वझे - सहायक ग्रेड-3
प्रिया मरमट - सहायक ग्रेड-3
रोहित गोठवाल - सहायक ग्रेड-3
रितेश माथुर - सहायक ग्रेड-3
गौरव तला - सहायक ग्रेड-3
लोकेश मालवीय - सहायक ग्रेड-3
कल्पना शर्मा - सहायक ग्रेड-3
अशोक केथवास - सहायक ग्रेड-3
पलाश राठौर - सहायक ग्रेड-3
तरुण वर्मा - कार्यालय सहायक (संविदा)
रीना मालवीय - सहायक ग्रेड-3
संतोष वाघेला - कार्यालय सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर (संविदा)
सोनम यादव - सहायक ग्रेड-3
लीला सेंगर - प्रतिलिपिकार
किशोर शर्मा - प्रतिलिपिकार
धर्मेश बैरागी - कम्प्यूटर ऑपरेटर (आउटसोर्स)
विक्रम सिंह राठौड़ - सहायक विकास विस्तार अधिकारी
अंकित उपाध्याय - प्रशिक्षण अधिकारी
मधुसूदन बैरागी - सहायक ग्रेड-3
प्रहलाद मैहर - श्रमिक
डॉ. पूनम सिंह शेखावत - अधीक्षक भू-अभिलेख
माधव प्रसाद मोगरे - सहायक अधीक्षक
विद्याधर सोनपराते - सहायक ग्रेड-3
सारिका भार्गव - राजस्व निरीक्षक
रिदम पटेल - राजस्व निरीक्षक
पूजा बघेल - राजस्व निरीक्षक
आसिफ हुसैन - पटवारी
दीप्ति शर्मा - पटवारी
मथुरी सोलंकी - पटवारी
भावना त्रिपाठी - जूनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर
अमन पत्की - जूनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर
आशा पारेगी - भृत्य
पृथ्वीराज राणा - भृत्य
केशव प्रसाद सेन - भृत्य
शंकर लाल गहलोत - भृत्य
सूरज निवेतिया - भृत्य
अनिल चौहान - भृत्य
राजेंद्र श्रवण - भृत्य
लता लकी - भृत्य
दीपक चौहान - भृत्य
देवेंद्र चंद्रावत - भृत्य
दिलीप पाटिल - भृत्य
विजय रायकवार - भृत्य
सतीश वर्मा - भृत्य
रोहित सोलंकी - भृत्य

**कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com